6.3.5 एक ए0जी0पी0 से दूसरे उच्च ग्रेड ए0जी0पी0 में पुस्तकालयाध्यक्ष/शारीरिक शिक्षा में सहायक प्रोफेसर/समान संवर्ग के सी ए एस पदोन्नति हेतु "छानबीन–सह मूल्याँकन समिति" में निम्नलिखित शामिल होंगे –

6.3.5.1 विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए:

क. कुलपति चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में;

ख. संबंधित संकाय के अधिष्ठाता;

ग. विभागाध्यक्ष/स्कूल के अध्यक्ष; और

घ. कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों की समिति में से विषय का नामित विशेषज्ञ ।

6.3.5.2 कॉलेज के शिक्षकों के लिए:

क. कॉलेज के प्राचार्य;

ख. कॉलेज के संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष;

ग. कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों के पैनल में से संबंधित विषय के दो विशेषज्ञ;

6.3.5.3 उपर्युक्त दोनों श्रेणियों की इन समितियों की गणपूर्ति में विषय विशेषज्ञता/विश्वविद्यालय के नामिती को उपस्थित होना जरूरी सहित तीन व्यक्ति होंगे ।

6.3.6 इन विनियमों पर आधारित संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा तैयार पी0बी0ए0एस0 प्रणाली के माध्यम से अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त ए0पी0आई0 के सत्यापन/मूल्याँकन और सहायक प्रोफेसर के प्रत्येक संवर्ग के (क) की तालिका–दो और तीन, शारीरिक शिक्षा और खेल–कूद के प्रत्येक संवर्ग के लिए (ख) की तालिका पाँच और छह; एवं पुस्तकालयाध्यक्ष के प्रत्येक संवर्ग के लिए तालिका आठ और नौ में विनिर्दिष्ट न्यूनतम आवश्यकता के आधार पर 'छानबीन–सह–मूल्याँकन' समिति विश्वविद्यालय के सिंडीकेट/कार्यकारी परिषद्/प्रबंधन से सी0ए0एस0 के अंतर्गत पदोन्नति की उपयुक्तता संबंधी क्रियान्वयन की सिफारिश करेगी ।

6.3.7 उपर्युक्त सभी चयन प्रक्रियाचयन समिति की बैठक के दिन ही पूरा की जाएगी, जिसमें पी0बी0ए0एस0 अंक प्रोफार्मा एवं मेरिट के आधार पर की गई सिफारिशों सहित कार्यवृत्त किया जाएगा और कार्यवृत्त पर चयन समिति के सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर किया जाएगा ।

6.3.8 सी0ए0एस0 पदोन्नति पदधारी शिक्षक को वैयक्तिक पदोन्नति होने के नाते वह मूल पद धारण करता है और उसकी सेवानिवृत्ति में उक्त पद से अपने मूल संवर्ग में वापस चला आएगा ।

6.3.9 पदधारी शिक्षक को चयन समिति द्वारा चयन/सी0ए0एस0 पदोन्नति की तारीख तक विश्वविद्यालय/कॉलेज की सक्रिय सेवा की भूमिका में होना चाहिए ।

6.3.10 अभ्यर्थी यदि चाहते हैं कि पदोन्नति के मूल्याँकन हेतु उन पर विचार किया जाए और यदि वे सम्यक् ए0पी0आई0 प्रणाली में निर्दिष्ट न्यूनतम ए0पी0आई0 की पात्रता पूरी करते हैं, तो वह अपेक्षित पी0बी0ए0एस0 प्रोफार्मा में आवेदन प्रस्तुत करें । यदि वे स्वयं को पात्र मानते हैं तो वे निर्धारित तिथि से तीन महीने पहले ऐसा कर सकते हैं । वे अभ्यर्थी जो स्वयं को इसके योग्य नहीं मानते वे भी बाद की तारीख में आवेदन कर सकते हैं । संबंधित विश्वविद्यालय प्रत्येक स्थिति में योग्य अभ्यर्थियों से पदोन्नति के लिए आवेदन आमंत्रित करते हुए वर्ष में दो बार समान परिपत्र जारी करेगा ।

6.3.11 अंतिम मूल्याँकन में यदि कोई अभ्यर्थी पी0बी0ए0एस0 प्रोफार्मा के मानदंडों के अंतर्गत न्यूनतम ए0पी0आई0 के मानक को पूरा नहीं करता है या विशेषज्ञों के मूल्याँकन में 50 प्रतिशत से कम पाता है, जहाँ कहीं लागू हो, ऐसे अभ्यर्थी का पुनर्मूल्याँकन कम से कम एक वर्ष बाद होगा ।

6.3.12 (क) यदि कोई अभ्यर्थी न्यूनतम अर्हता के पूर्ण होने के बाद आवेदन करता है और सफल हो जाता है तो पदोन्नति की तिथि न्यूनतम पात्रता अवधि से होगी ।

(ख) यदि, तथापि अभ्यर्थी को पता चलता है कि वह बाद की तिथि से अर्हता की शर्त पूरी करता है/करती है और उस तिथि को आवेदन करता/करती है और सफल हो जाता/हो जाती है तो उसका/उसकी पदोन्नति अर्हता पूरी करने की तारीख से लागू होगी ।

(ग) यदि अभ्यर्थी पहले प्रयास में सफल नहीं होता बल्कि अंतिम प्रयास में सफल होता है तो उसकी पदोन्नति सफलता पूर्ण मूल्याँकन वाली बाद की तिथि से मानी जाएगी ।

6.4.0 पदधारियों और नवनियुक्त सहायक प्रोफेसरों/एसोसिएट प्रोफेसरों/प्रोफेसरों का वृत्ति उन्नति योजना के अंतर्गत पदोन्नति के चरण

6.4.1 प्रवेश स्तर पर सहायक प्रोफेसर (चरण–एक) वृत्ति उन्नति योजना (सीएएस) के अंतर्गत दो पावती चरणों (चरण दो और चरण तीन) के बाद पदोन्नति के लिए पात्र होंगे बशर्ते पात्रता और कार्य निष्पादन मानदंड, जैसाकि इस विनियम के खण्ड 6.3 में निर्धारित है, के अनुरूप उनका मूल्याँकन किया जाए ।

6.4.2 प्रवेश स्तर पर सहायक प्रोफेसर, जिनके पास संबंधित विषय में पीएच0डी0 की डिग्री है, चार वर्ष के सहायक प्रोफेसर की सेवा के बाद अगले उच्च संवर्ग (चरण–2) में जाने के पात्र होंगे ।

6.4.3 प्रवेश के स्तर पर सहायक प्रोफेसर जिन्होंने एम0 फिल0 डिग्री या साँविधिक निकाय द्वारा मान्यता प्राप्त व्यावसायिक पाठ्यक्रम जैसे एलएलएम/एमटेक आदि परास्नातक डिग्री ली है, सहायक प्राफेसर के पाँच वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद अगले उच्च संवर्ग (चरण–दो) के लिए पात्र होंगे ।

6.4.4 प्रवेश के स्तर पर सहायक प्रोफेसर जिन्होंने संबंधित व्यावसायिक पाठ्यक्रम में पीएच0डी0 या एम0फिल0 या स्नातकोत्तर डिग्री करनी है, सहायक प्राफेसर के छह वर्ष की सेवा के बाद अगले उच्च संवर्ग (चरण–दो) के लिए पात्र होंगे ।

6.4.5 सभी सहायक प्रोफेसरों के लिए प्रवेश स्तर (चरण–एक) से अगले उच्च संवर्ग (चरण–दो) में पहुंचना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा इस विनियम में बनाए ए0पी0आई0 आधारित पी0बी0ए0एस0 की शर्तों के अधीन होगा ।

6.4.6 सहायक प्रोफेसर जिन्होंने दूसरे ग्रेड (चरण–दो) में पाँच वर्ष की सेवा पूर्ण की है, वे अगले उच्च ग्रेड (चरण–तीन) में पदोन्नत होंगे जोकि इस विनियम में बनाए ए0पी0आई0 आधारित पी0बी0ए0एस0 की शर्तों के अधीन होगा ।

6.4.7 सहायक प्रोफेसरजिन्होंने तीसरे संवर्ग (चरण–तीन) में तीन वर्ष का शिक्षण कार्य पूर्ण किया है, वे अगले उच्च संवर्ग (चरण–चार) में पदोन्नति और सह–प्रोफेसरके रूप में पदस्थापित होने के पात्र होंगे जो कि अर्हता की शर्तों और इन विनियमों में निर्धारित पी0बी0ए0एस0 आवश्यकताओं पर आधारित ए0पी0आई0 के अधीन होगा ।

6.4.8 सह प्रोफेसर, जिन्होंने चौथे चरण में तीन वर्षों की सेवा पूर्ण की है और संबंधित विषय में पीएच0डी0 की डिग्री प्राप्त की है, वे प्रोफेसरके रूप में नियुक्ति और पदस्थापन के पात्र होंगे और उन्हें अगले उच्च संवर्ग (चरण–पाँच) में रखा जाएगा जोकि (क) इन विनियमों में निर्धारित परिशिष्ट–चार तालिका एक से तीन में दिए गए पी0बी0ए0एस0 प्रणाली के आधार पर ए0पी0आई0 के आधारित अपेक्षित क्रेडिट प्वाइन्ट को पूरा करता हो और (ख) जैसा कि प्रोफेसर की सीधी भर्ती के लिए सुझाव दिया गया है, विधिवत गठित चयन समिति द्वारा मूल्याँकन को पूरा करता हो, बशर्ते पीएच0डी0 धारक शिक्षक के अलावा कोई अन्य शिक्षक को प्रोफेसर पद पर पदोन्नति या नियुक्ति नहीं दी जाएगी ।

6.4.9 कॉलेज में सह प्रोफेसर के मामले में सी0ए0एस0 के अंतर्गत प्रोफेसरके पद पर पदोन्नति इस विनियम के खण्ड 6.5.1 और 6.5.2 के अधीन होगा ।

6.4.10 विश्वविद्यालय में प्रोफेसरों के दस प्रतिशत स्थान हेतु वे लोग हैं जिन्होंने प्रोफेसर के रूप में पूर्व संशोधित या संशोधित वेतनमान में कम से कम दस वर्ष की सेवा की, वे प्रोफेसर के उच्च संवर्ग (चरण–छह) में पदोन्नति के पात्र होंगे बशर्ते विधिवत गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा इन विनियमों में निर्धारित पीबीएस प्रणाली के माध्यम से तालिका–एक और दो में दिए गए आपेक्षित ए0पी0आई0 अंकों को पूरा करते हों और उच्च संवर्ग में पदोन्नत होने वाले ऐसे शिक्षक 'प्रोफेसर' के रूप में पदस्थापित किए जाते रहेंगे । जैसा कि प्रोफेसर के लिए यह ए0जी0पी0 मूल्याँकन केवल

विश्वविद्यालय के विभागों के लिए लागू है इसलिए अतिरिक्त साखपत्र के साथ निम्न साक्ष्य होना चाहिए:–

(क) उच्च स्तर का पोस्ट डाक्टोरल अनुसंधान;

(ख) अवार्ड/सम्मान/और पहचान;

(ग) अतिरिक्त अनुसंधान उपाधियाँ जैसे डी0एस0सी0, डी0लिट्0, एल0आई0डी0 आदि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के शिक्षक के मामले में उत्पादों का पेटेन्ट्स और आईपीआर एवं स्थापित प्रक्रिया/अंतरित की गई प्रौद्योगिकी ।

यह चयन विश्वविद्यालय द्वारा वरिष्ठता के आधार पर पात्र प्रोफेसरों द्वारा विधिवत भरे पीबीए प्रोफार्मा प्राप्त होने के बाद प्रत्येक संकाय में उपलब्ध संख्या का तीन गुना आवेदन के आधार पर किया जाएगा । यदि उपलब्ध अभ्यर्थियों की संख्या उपलब्ध रिक्तियों के तीन गुने से कम है तो विचार का आधार वास्तव में उपलब्ध अभ्यर्थी होंगे। जैसाकि परिशिष्ट–चार की सारणी–दो (क) में निर्धारित है, विश्वविद्यालय के विभागों के शिक्षकों के लिए सभी प्रस्तुत साखपत्रों के मूल्याँकन की प्रक्रिया विशेषज्ञ समिति द्वारा की जाएगी । इस श्रेणी के लिए अलग से साक्षात्कार आवश्यक नहीं है ।

6.4.11 संकाय के शिक्षकों के वेतनमान और अन्य मेरिट आधारित कारकों को ध्यान में रखते हुए, प्रत्येक मामले में मेरिट के संदर्भ में प्रत्येक अभ्यर्थी से समझौता करते समय उन लोगों को अग्रिम वेतन वृद्धि देने का विवेकपूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय से संबंधित सक्षम प्राधिकारी या चयन समिति(यों) की सिफारिश के आधार पर भर्ती करने वाले संस्थान का होगा जो सह–प्रोफेसर या प्रोफेसर के पेशे में उच्च योग्यता, बड़ी संख्या में अनुसंधान प्रकाशन और सम्यक स्तर पर अनुभव रखते हैं । विवेक के आधार पर अग्रिम वेतन वृद्धि देना उन पर लागू नहीं होगा जो सहायक प्रोफेसर/सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षक और खेल–कूद और वे लोग जिन्होंने पीएच0डी0, एम0फिल0, एम0टेक0 आदि की डिग्री प्राप्त करने

पर अग्रिम वेतन वृद्धि मिलती है। तथापि, वे लोग जो सहायक प्रोफेसर/सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा और खेल–कूद की सेवा में पीएच0डी0 के बाद पोस्ट डाक्टोरल शिक्षा/अनुसंधान अनुभव के साथ आए और तथा जिनका प्रमाणित प्रत्यय पत्र हो, वे अग्रिम वेतन वृद्धि विवेकपूर्ण अवार्ड के पात्र होंगे और इस संबंध में निर्णय को चयन समिति के कार्यवृत्त में दर्ज किया जाए ।

6.5.0 स्नातक पूर्व और स्नातकोत्तर कॉलेजों में प्रोफेसर

6.5.1(i) किसी स्नातक पूर्व कॉलेज में सह प्रोफेसर के पदों की संख्या का दस प्रतिशत पद प्रोफेसरों का होगा जोकि विश्वविद्याालयों के प्रोफेसरों के चयन/नियुक्ति के मानदंड के समान होगा ।

बशर्ते, एक विभाग में एक से ज्यादा प्रोफेसर नहीं होंगे;

बशर्ते, स्नातक पूर्व कॉलेज में प्रोफेसरों के पदों का एक चौथाई पद (25 प्रतिशत) पात्र शिक्षकों द्वारा सीधी भर्ती या प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जाएगी और शेष तीन चौथाई (75 प्रतिशत) प्रोफेसरों के पदों को स्नातक कॉलेज के संबधित विभाग के पात्र सह–प्रोफेसरों को सी0ए0एस0 पदोन्नति के माध्यम से भरा जाएगा ।

शँका दूर करने के लिए यह स्पष्ट किया जाता है कि स्वीकृति पदों में सीधी भर्ती और सी0ए0एस0 पदोन्नति दोनो के अंतर्गत स्वीकृत पद शामिल है ।

(ii) सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से स्नातक कॉलेज में प्रोफेसरों के पद को भरने की पहचान संबद्ध/संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा कॉलेज के परामर्श से किया जाएगा । जहाँ सह–प्रोफेसर के पदों के सी0ए0एरा0 पदोन्नति या सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति के आधार पर संख्या के प्रतिशत के आधार पर प्रोफेसरके पदों की संख्या पूर्णांक में नहीं है तो इसे अगली संख्या के पूर्णांक में बदल दिया जाएगा ।

(iii) विश्वविद्यालय द्वारा वरिष्ठता और उपलब्ध रिक्तियों की संख्या की तीन गुनी संख्या के आधार पर पात्र सह प्रोफेसरों से पीबीएस प्रोफार्मा प्राप्त करने के बाद चयन प्रक्रिया शुरू की जाएगी । यदि रिक्तियों की संख्या की तुलना में अभ्यर्थी तीन गुने से कम हैं तो चयन का दायरा उपलब्ध अभ्यर्थियों की वास्तविक संख्या के आधार पर होगा । चयन पी0बी0ए0एस0 प्रणाली के साथ ए0पी0आई0 अंक प्रणाली और प्रोफेसरों की नियुक्ति के लिए इन विनियमों में निर्धारित चयन प्रक्रियाके आधार पर की जाएगी । सीधी भर्ती के लिए 25 प्रतिशत पदों के लिए पदोन्नति सहित 'रोटा–कोटा' प्रणाली अपनाया जाएगा ।

6.5.2 स्नातकोत्तर कॉलेज के प्रत्येक विभाग में एक प्रोफेसरका पद होगा जोकि विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों के चयन/नियुक्ति के मानदंड के अधीन होगा बशर्ते प्रोफेसरों के एक चौथाई पदों (25 प्रतिशत) पात्र शिक्षकों में से प्रतिनियुक्ति/सीधी भर्ती द्वारा भरा जाएगा और शेष तीन चौथाई (75 प्रतिशत) पदों को स्नातकोत्तर कॉलेज के संबंधित विभाग के पात्र सह–प्रोफेसरों में से मेरिट पदोन्नति के आधार पर भरा जाएगा । प्रतिनियुक्ति/सीधी भर्ती पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने हेतु प्रोफेसर के पदों को स्नातकोत्तर कॉलेज. में चिन्हित करने का कार्य संबद्ध संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा कॉलेज के परामर्श से किया जाएगा। प्रोफेसर के पदों को सी0ए0ए0एस0पदोन्नति या सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरा जाएगा, इसका निर्णय विश्वविद्यालय कॉलेज के परामर्श से लिया जाएगा। जहाँ सी0ए0ए0एस0 पदोन्नति या सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति के आधार पर किसी स्नातकोत्तर कॉलेज के कुछ पदों की संख्या के आधार पर प्रतिशत में निकाला गया है और यह पूर्णांक नहीं है तो यह अगली संख्या का पूर्णांक होगा ।

विश्वविद्यालय द्वारा चयन प्रक्रिया, पात्र सह–प्रोफेसर की वरिष्ठता और उपलब्ध रिक्ति की तीन गुनी संख्या के आधार पर पी0बी0ए0ए0एस0 प्रोफार्मा प्राप्त करने के बाद की जाएगी। यदि उपलब्ध रिक्ति तीन गुनी संख्या से कम है तो वास्तविक उपलब्ध अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर विचार किया जाएगा । चयन पी0बी0ए0ए0एस0

प्रणाली के साथ ए0पी0आई0 अंक प्रणाली और प्रोफेसरों की नियुक्ति के लिए इन विनियमों में निर्धारित चयन प्रक्रियाके आधार पर की जाएगी । सीधी भर्ती के लिए 25 प्रतिशत पदों हेतु पदोन्नति सहित 'रोटा–कोटा' प्रणाली अपनायी जाएगी और सीधी भर्ती कोटा वर्णक्रमानुसार चलेगी ।

6.6.0 सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष आदि के लिए वृत्ति उन्नति योजना के अंतर्गत पदोन्नति के चरण

6.6.1 प्रवेश के स्तर पर विश्वविद्यालय/कॉलेज के सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष जिन्होंने पुस्तकालय विभाग में पीएच0डी0 की है, निम्न संवर्ग में चार वर्षों की सेवा पूरी करने के बाद, यदि अन्यथा वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा इन विनियमों में निर्धारित ए0पी0आई0 अंक प्रणाली और पी0बी0ए0एस0 पद्धति के अनुसार पात्र हैं, तो वे अगले उच्च संवर्ग (चरण–दो) के पात्र होंगे ।

6.6.2 प्रवेश के स्तर पर सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज के पुस्तकालयाध्यक्ष, जिन्होंने पुस्तकाल विषये में पीएच0डी0 नहीं की है, निम्न संवर्ग में पाँच वर्षों की सेवा पूरी करने के बाद, यदि अन्यथा वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा इन विनियमों में निर्धारित ए0पी0आई0 अंक प्रणाली और पी0बी0ए0एस0 पद्धति के अनुसार पात्र हैं, तो वे अगले संवर्ग (चरण–दो) के पात्र होंगे ।

6.6.3 प्रवेश के स्तर पर सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज के पुस्तकालयाध्यक्ष, जिन्होंने संबंधित विषयो में पीएच0डी0 या एम0फिल0 नहीं की है, निम्न संवर्ग में छह वर्षों की सेवा पूरी करने के बाद, यदि अन्यथा वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा इन विनियमों में निर्धारित ए0पी0आई0 अंक प्रणाली और पी0बी0ए0एस0 पद्धति के अनुसार पात्र हैं, तो वे अगले संवर्ग (चरण–तीन) के पात्र होंगे ।

6.6.4 पाँच वर्षों की सेवा पूर्ण करने के बाद सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान)/कॉलेज के पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान) उप–पुस्तकालयाध्यक्ष/समान पदो के योग्य और अगले संवर्ग (चरण–तीन) में रखे जाएँगे बशर्ते वे इन विनियमों में सी0ए0एस0पदोन्नति के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा

निर्धारित पी0बी0ए0एस0 पद्धति के आधार पर ए0पी0आई0 अंक प्रणाली की पात्रता की अन्य शर्तें (जैसे उप–पुस्तकालयाध्यक्ष के लिए पीएच0डी0 आदि) पूरी करते हों । उन्हें उप–पुस्तकालयाध्यक्ष/सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन संवर्ग)/कॉलेज के पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन संवर्ग), जैसी स्थिति हो, के रूप में पदस्थापित किया जाएगा ।

6.6.5 उक्त संवर्ग में तीन वर्ष पूरा करने के बाद उप पुस्तकालयाध्यक्ष/ समान पद अगले संवर्ग (चरण–चार) में जाएँगे जोकि इन विनियमों में सी0ए0एस0पदोन्नति के लिए वि.अ.आ. द्वारा निर्धारित पी0बी0ए0एस0 पद्धति के आधार पर ए0पी0आई0 अंक प्रणाली की अन्य शर्तों को पूरा करने के अधीन होगा ।

6.7.0 शारीरिक शिक्षा और खेल–कूद से संबंधित कर्मियों हेतु वृत्ति उन्नति योजना के अंतर्गत पदोन्नति के चरण

6.7.1 प्रवेश के स्तर पर सहायक डी0पी0ई0 एण्ड एस0/कॉलेज के डी0पी0ई0 एण्ड एस0 जिन्होंने शारीरिक शिक्षा में पीएच0डी0 की डिग्री ली है, प्रवेश के स्तर पर (चरण–एक) चार वर्ष पूरा करने के बाद, वे अगले उच्च संवर्ग (चरण–दो) के लिए पात्र होंगे यदि वे अन्यथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सी0ए0एस0पदोन्नति के इन विनियमों में निर्धारित पी0बी0ए0एस0 पद्धति और ए0पी0आई0 अंक प्रणाली के पात्र होते हैं ।

6.7.2 प्रवेश के स्तर पर सहायक डी0पी0ई0 एण्ड एस00/कॉलेज के डी0पी0ई0 एण्ड एस00 जिन्होंने शारीरिक शिक्षा में एम.फिल. किया है, वे प्रवेश के स्तर पर पाँच वर्ष पूरा करने के बाद और यदि वे अन्यथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सी0ए0एस0 पदोन्नति के इन विनियमों में निर्धारित पीपवीएएस पद्धति और ए0पी0आई0 अंक प्रणाली के अनुसार पात्र है, तो वे अगले उच्च संवर्ग (चरण–दो) में जाने के पात्र होंगे ।

6.7.3 प्रवेश के स्तर पर संबधित विषय में पीएच0डी0 और एम.फिल. धारी सहायक डी0पी0ई0 एण्ड एस0/कॉलेज के डी0पी0ई0 एण्ड एस0 उक्त स्तर पर सहायक

डी0पी0ई0 एण्ड एस0/कॉलेज के डी0पी0ई0 एण्ड एस0 के साथ छह वर्ष की सेवा पूरा करने के बाद अगले उच्च संवर्ग (चरण–दो) के लिए पात्र होंगे यदि वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सी0ए0एस0 पदोन्नति के इन विनियमों में निर्धारित पी0बी0ए0एस0 पद्धति और ए0पी0आई0 अंक प्रणाली के पात्र होते हैं ।

6.7.4 दूसरे चरण में पाँच वर्ष की पूर्ण करने के बाद और ए0पी0आई0 अंक प्रणाली तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विनियमों में निर्धारित पी0बी0ए0एस0 पद्धति के अध्यधीन सहायक डी0पी0ई0 एण्ड एस00 (वरिष्ठ वेतनमान)/कॉलेज के डी0पी0ई0 एण्ड एस00 (वरिष्ठ वेतनमान) के अगले उच्च वर्ग (चरण–तीन) में पदोन्नत किया जाएगा । उन्हें उप डी0पी0ई0 एण्ड एस0/सहायक डी0पी0ई0 एण्ड एस0 (चयन संवर्ग)/कॉलेज के डी0पी0ई0 एण्ड एस0 (चयन संवर्ग) जैसी स्थिति हो, में पदस्थापित किया जाएगा ।

6.7.5 तीसरे चरण में तीन वर्षों की सेवा पूरी करने के बाद और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा इन विनियमों में निर्धारित ए0पी0आई0 अंक प्रणाली और पी0बी0ए0एस0 पद्धति को पूरा करने के अधीन उप डी0पी0ई0 एण्ड एस0/सहायक डी0पी0ई0 एण्ड एस0 (चयन संवर्ग)/कॉलेज के डी0पी0ई0 एण्ड एस0 (चयन संवर्ग) अगले उच्च संवर्ग (चरण–चार) में जाएँगे । उन्हें उप डी0पी0ई0 एण्ड एस0/सहायक डी0पी0ई0 एण्ड एस0 (चयन संवर्ग)/कॉलेज के डी0पी0ई0 एण्ड एस0 (चयन संवर्ग) के रूप में पदस्थापित किया जाएगा ।

6.8.0 इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची पदधारी और नव नियुक्त शिक्षक केन्द्रीय विश्वविद्यालयों और उसके अधीनस्थ कॉलेजों में पुस्तकालय, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद में समान पदों का सी0ए0एस0के अंतर्गत वेतनमान, पदनाम और पदोन्नति के चरणों को रेखाँकित करता है एवं उन संस्थानों को मानद–विश्वविद्यालय माना जाएगा जिसका अनुरक्षण व्यय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा किया जाता है ।

7.0.0 विश्वविद्यालयों के सम–कुलपति/कुलपति का चयनः

7.1.0 सम–कुलपतिः

सम–कुलपति विश्वविद्यालय में पूर्णकालिक प्रोफेसरहोंगे और उनकी नियुक्ति कुलपति की सिफारिश पर कार्यकारी परिषद् द्वारा की जाएगी ।

7.2.0 सम कुलपति एक अवधि के लिए पद को धारण करेंगे जो कि कुलपति के कार्यकाल के साथ समाप्त होगा । तथापि, कुलपति का यह विशेषाधिकार होगा कि वे अपने कार्यकाल के दौरान एक नए सम–कुलपति के लिए कार्यकारी परिषद् से अनुमोदन करे । सम–कुलपति के चयन के इन विनियमों को संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा अपने अधिनियम/संविधि में संशोधन के माध्यम से अंगीकार किया जाएगा ।

7.3.0 कुलपति

1. उच्च स्तर की क्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता और संस्थान के प्रति प्रतिबद्ध व्यक्तियों को कुलपति के रूप में नियुक्त किया जाएगा । कुलपति के रूप में नियुक्त होने वाले व्यक्ति को अकादमीविद होना चाहिए और जिनके पास किसी विश्वविद्यालय प्रणाली में प्रोफेसरके रूप में कम से कम दस वर्ष का अनुभव या समान पद पर किसी ख्याति प्राप्त अनुसंधान और/या अकादमिक प्रशासनिक संगठन में दस वर्ष का अनुभव होना चाहिए ।

2. कुलपति का चयन सार्वजनिक अधिसूचना या नामाँकन या मेधा खोज प्रक्रियाया इनके मिलकर खोज समिति द्वारा उसे 3–5 नामों के पैनल द्वारा सम्यक् खोज के माध्यम से किया जाएगा। उक्त खोज समिति के सदस्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त लोग होंगे और किसी भी तरीके से संबंधित विश्वविद्यालय या इसके कॉलेज से संबंधित नहीं होंगे । पैनल तैयार करते समय खोज समिति अकादमिक उत्कृष्टता, देश और विदेश की उच्च शिक्षा प्रणाली में योगदान को उचित वेटेज देना होगा तथा अकादमिक तथा प्रशासनिक शाखा के समुचित अनुभव को लिखित में देय होगा और इसे पैनल के साथ दर्शक/राज्यपाल को

प्रस्तुत करना होगा । राज्य और केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के संबंध में खोज समिति का गठन निम्नलिखित रूप में होगा :–

क) कुलपति/कुलाध्यक्ष का नामिती जो समिति के अध्यक्ष होंगे ।

ख) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के एक नामिती ।

ग) विश्वविद्यालय के सिंडीकेट/कार्यकारी परिषद्/प्रबंध समिति के नामिती ।

3. दर्शक/राज्यपाल खोज समिति द्वारा सिफारिश किए गए नामों के पैनल में से कुलपति की नियुक्ति करेंगे ।

4. कुलपति की सेवा शर्तें इन विनियमों अनुरूपता के साथ संबंधित विश्वविद्यालय के संविधि में निर्धारित होगी ।

5. कुलपति का कार्यकाल पदधारी की सेवावधि का हिस्सा होगा और उसे सेवा से संबंधित सभी लाभ मिलेंगे।

7.4.0 विश्वविद्यालय/राज्य सरकारें इन विनियमों को अंगीकार करने के छह महीने के भीतर विश्वविद्यालय के संगत अधिनिमय संविधियों में परिवर्तन या संशोधन करेंगे ।

8.0 ड्यूटी अवकाश, अध्ययन अवकाश विराम अवकाश

8.1 ड्यूटी अवकाश

1. निम्नलिखित को एक अकादमिक वर्ष में अधिकतम 30 दिनों का ड्यूटी अवकाश मिलेगा;

(क) विश्वविद्यालय की ओर से या विश्वविद्यालय की अनुमति से सम्मेलन, सभा, संगोष्ठी ओर सम्मेलन में भाग लेने के लिए;

(ख) विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे संस्थानों या विश्वविद्यालयों द्वारा उस संस्थान या विश्वविद्यालय में भाषण देने के लिए निमंत्रण मिलने और कुलपति द्वारा अपनी स्वीकृति मिलने पर;

(ग) विश्वविद्यालय द्वारा किसी अन्य भारतीय या विदेशी विश्वविद्यालय, किसी अन्य एजेन्सी, संस्थान या संगठन में कार्य करने पर;

(घ) किसी शिष्टमंडल अथवा केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, किसी निकटस्थ विश्वविद्यालय अथवा किसी अन्य अकादमिक निकाय द्वारा नियुक्त किसी समिति में कार्य करना; और

(ड़) विश्वविद्यालय के लिए किसी अन्य कर्तव्य का निर्वहन करना ।

2. छुट्टी की अवधि ऐसी होनी चाहिए जैसी कि प्रत्येक अवसर पर स्वीकृतिदाता प्राधिकारी द्वारा आवश्यक समझी जाए ।

(4) छुट्टी पूरे वेतन पर दी जाए बशर्ते कि यदि अध्यापक को कोई अध्येतावृत्ति अथवा मानदेय अथवा सामान्य व्ययों के लिए आवश्यक धनराशि से अधिक कोई अन्य वित्तीय सहायता मिलती हो, उसको वेतन एवं भत्तों में कटौती करके ड्यूटी लीव स्वीकृत की जाए ।

(5) ड्यूटी लीव को अर्जित छुट्टी, अर्द्ध–वेतन छुट्टी अथवा असाधारण छुट्टी के साथ जोड़ा जा सकता है ।

(6) ड्यूटी लीव यू0जी0सी0, डीएसटी इत्यादि जहाँ किसी अध्यापक को अकादमिक निकायों, सरकारी अथवा एनजीओ के साथ विशेषज्ञता का आदान प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया जाता है, की बैठकों में भाग लेने के लिए भी ड्यूटी लीव दी जानी चाहिए ।

8.2 अध्ययन अवकाशः

(1) अध्ययन अवकाश सेवा में प्रविष्टि स्तर पर नियुक्ति पाने वालों जैसे सहायक प्रोफेसर/सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा के सहायक निदेशक और खेलों/महाविद्यालयों के डी.पी.ई. को तीन वर्ष की अनवरत सेवा के बाद विश्वविद्यालय में उसके कार्य से प्रत्यक्ष रूप में संबंधित अध्ययन अथवा अनुसंधान के

विशेष क्षेत्र की पढ़ाई करने अथवा विश्वविद्यालय संगठन और शिक्षा की प्रविधियों का अध्ययन करने के लिए स्वीकृत किया जा सकता है ।

(2) इस खण्ड 8.2 में अंन्तर्विष्ट निबन्धनों के अधीन सेवा में रहते हुए किसी संगत विषय में पीएच0डी0 की डिग्री प्राप्त करने के लिए वेतन सहित अध्ययन अवकाश स्वीकृत करने के मामले में महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में अध्यापकों और अन्य संवर्गों के लिए रिक्त पदों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए प्रविष्टि के बाद लगाए जाने वाले वर्षों की संख्या न्यूनतम दो वर्ष अथवा संबंधित विश्वविद्यालयों की संविधियों में निर्दिष्ट परिवीक्षा के वर्षों जितनी होगी ताकि कोई भी अध्यापक और अन्य संवर्ग के सदस्यों जो बिना पीएच0डी0 अथवा उच्चतर योग्यता की सेवा में भर्ती हो जाते हैं, को ये योग्यताएँ अपने संबंधित विषयों में कैरियर के बहुत बाद की अवस्था में प्राप्त करने के बजाय शीघ्रताशीघ्र प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके ।

(3) अध्ययन अवकाश की वेतन सहित अवधि तीन वर्ष की होनी चाहिए लेकिन पहले दो वर्ष दिए जाएँ और यदि अनुसंधान मार्गदर्शक (गाईड) द्वारा पर्याप्त प्रगति होने की रिपोर्ट दी जाती है तो इसे एक वर्ष के लिए और बढ़ाया जा सकता है । इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि अध्ययन अवकाश पर भेजे गए अध्यापकों की संख्या किसी विभाग में अध्यापकों की निर्धारित प्रतिशत से अधिक न हो जाए बशर्ते कि कार्यकारी परिषद्/सिंडीकेट किसी मामले की विशेष परिस्थितियों में दो वर्षों की अनवरत सेवा की शर्त में छूट प्रदान कर दे ।

स्पष्टीकरणः– सेवा की दीर्घता की गणना करने में उस समय जिसके दौरान कोई व्यक्ति परिवीक्षा पर था अथवा उसे अनुसंधान सहायक लगाया गया था, की भी गणना की जाए बशर्तेः–

(क) आवेदन की तिथि के दिन व्यक्ति अध्यापक है;

(ख) सेवा में कोई अन्तराल नहीं है; और

(ग) अवकाश का अनुरोध पीएच0डी0 अनुसन्धान कार्य करने के लिए किया गया है ।

(4) अध्ययन अवकाश संबंधित विभागाध्यक्ष की सिफारिश पर कार्यकारी परिषद्/सिंडीकेट द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। अवकाश एक बार में तीन वर्ष से अधिक का बहुत अधिक अपवाद के मामलों में जिनमें कार्यकारी परिषद्/सिंडीकेट इस बात से संतुष्ट हो कि इस प्रकार का विस्तार अकादमिक कारणों से अपरिहार्य और विश्वविद्यालय के हित में आवश्यक है, को छोड़कर स्वीकृत नहीं किया जाएगा ।

(5) अध्ययन अवकाश ऐसे अध्यापक को नहीं दिया जाएगा जो उस तिथि जिस में उसके अध्ययन अवकाश की समाप्ति के बाद ड्यूटी पर लौट आने की संभावना है, के पाँच वर्ष के अंदर सेवानिवृत्त होने वाला है ।

(6) अध्ययन अवकाश किसी भी व्यक्ति को उसके सेवा काल में दो बार से अधिक नहीं दिया जाए बशर्ते कि किसी भी परिस्थिति में समूचे सेवाकाल के दौरान अधिकतम स्वीकार्य अध्ययन अवकाश पाँच वर्षों से अधिक न हो ।

(7) कोई भी अध्यापक जिसको अध्ययन अवकाश दिया गया है, को कार्यकारी परिषद्/सिंडीकेट की पूर्वानुमति के बिना अध्ययन के पाठ्यक्रम अथवा अनुसंधान के कार्यक्रम में कोई भारी परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी । स्वीकृत अध्ययन अवकाश से कम अवधि में ही अध्ययन का पाठ्यक्रम पूरा हो जाने की स्थिति में अध्यापक अध्ययन के ऐसे पाठ्यक्रम के पूरा होते ही तुरन्त अपनी ड्यूटी पर आ जाएगा जब तक कि उसने अध्ययन अवकाश की इस शेष अवधि को सामान्य छुट्टी के रूप में माने जाने का पूर्वानुमोदन कार्यकारी परिषद्/सिंडीकेट से न ले लिया हो ।

(8) निम्नलिखित उप–खण्ड (नौ) के उपबन्धों के अधीन अध्ययन अवकाश पूर्ण वेतन सहित दो वर्ष तक दिया जा सकता है जिसे विश्वविद्यालय के विवेक पर एक वर्ष के लिए और बढ़ाया जा सकता है ।

(9) अध्येतावृत्ति, फेलोशिप अथवा कोई अन्य वित्तीय सहायता की धनराशि जो अध्ययन अवकाश पर भेजे गए शिक्षक को दी जाती है, वह उस शिक्षक/शिक्षिका को अध्ययन अवकाश वेतन एवं भत्तों सहित प्रदान करने के आड़े नहीं आएगी लेकिन इस प्रकार प्राप्त अध्येतावृत्ति इत्यादि वेतन एवं भत्तों जिन पर अध्ययन अवकाश स्वीकृत किया जाता है, का

निर्धारण करते समय हिसाब में रखा जाएगा । विदेशी अध्येतावृत्ति/फेलोशिप को वेतन के विरुद्ध तभी समायोजित किया जाएगा यदि फेलोशिप एक निर्दिष्ट धनराशि जिसका निर्धारण समय–समय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उस देश जिसमें अध्ययन किया जाएगा, में एक परिवार के लिए रहन–सहन की लागत के आधार पर किया जाएगा, से अधिक हो । भारतीय फेलोशिप जो शिक्षक के वेतन से अधिक हो, के मामले में वेतन नहीं दिया जाएगा ।

(10) छुट्टी पर ड्यूटी से अनुपस्थिति की अधिकतम अवधि जो तीन वर्ष से अधिक न हो, के अध्यधीन अध्ययन अवकाश के साथ अर्जित छुट्टी, अर्द्ध–वेतन छुट्टी, असाधारण छुट्टी अथवा छुट्टियों को जोड़ा जा सकता है बशर्ते कि शिक्षक के खाते में जमा अर्जित छुट्टियाँ शिक्षक के विवेक पर ली जाएँगी । शिक्षक जिसका अध्ययन अवकाश के दौरान उच्चतर पद के लिए चयन हो जाता है तो उस पद पर रख दिया जाता है और उसे उच्चतर वेतन पद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद ही दिया जाएगा ।

(11) अध्ययन अवकाश पर भेजे गए शिक्षक के वापिस आने पर और विश्वविद्यालय की सेवा में पुनः कार्य भार ग्रहण करने के बाद वह वार्षिक वेतनवृद्धि (वेतनवृद्धियों) जो उसको उस समय मिलती जब वह अध्ययन अवकाश पर नहीं जाता, का भी लाभ उठाने का पात्र होगा । तथापि, कोई भी अध्यापक वेतनवृद्धियों के बकाया की राशि प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा ।

(12) अध्ययन अवकाश की पेंशन/अंशदायी भविष्य निधि हेतु सेवा के रूप में ही गणना की जाएगी बशर्ते शिक्षक अपने अध्ययन अवकाश की समाप्ति पर विश्वविद्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण कर लेता है ।

(13) किसी शिक्षक को स्वीकृत किए गए अध्ययन अवकाश को रद्द माना जाएगा यदि यह स्वीकृति के 12 माह के अंदर नहीं लिया जाता है । बशर्ते कि जहाँ स्वीकृत अध्ययन अवकाश इस प्रकार रद्द हो जाता है तो शिक्षक ऐसे अवकाश के लिए पुनः आवेदन कर दे ।

(14) अध्ययन अवकाश लेने वाला/लेने वाली शिक्षक/शिक्षिका यह वचन देगा/देगी कि वह कम से कम तीन वर्ष तक की अनवरत अवधि जिसकी गणना अध्ययन अवकाश की समाप्ति पर पुनः कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से की जाएगी, तक विश्वविद्यालय को अपनी सेवाएँ देगा/देगी ।

(15) अध्ययन अवकाश की स्वीकृति के बाद शिक्षक अवकाश लेने से पहले विश्वविद्यालय के पक्ष में एक बॉन्ड निष्पादित करेगा जिसके अंतर्गत वह अपने आपको उपर्युक्त उप–खण्ड में निहित शर्तों को समुचित रूप से पूरा करने के लिए बाध्य करेगा और वित्त अधिकारी/कोषाध्यक्ष की संतुष्टि के अनुरूप अचल संपत्ति की जमानत देगा अथवा किसी बीमा कंपनी का 'फाइडेलिटी बॉन्ड' अथवा किसी अनुसूचित बैंक की प्रतिभूति अथवा उस धनराशि जो उपर्युक्त उप–खण्ड (चौदह) के अनुसार विश्वविद्यालय में जमा करवानी पड़ सकती हैं, के लिए दो स्थायी शिक्षकों की जमानत देगा/देगी ।

(16) शिक्षक अपने पर्यवेक्षक/संस्थान के प्रमुख से प्राप्त छमाही प्रगति प्रतिवेदन रजिस्ट्रार के समक्ष प्रस्तुत करेगा/करेगी । यह प्रतिवेदन अध्ययन अवकाश के प्रत्येक छह माह की समाप्ति के बाद एक माह के अन्दर रजिस्ट्रार के पास अवश्य पहुंचाना होगा । यदि यह प्रतिवेदन रजिस्ट्रार के पास निर्दिष्ट समय के अंदर नहीं पहुंचता है तो अवकाश के वेतन का भुगतान ऐसा प्रतिवेदन मिलने तक स्थगित कर दिया जाएगा ।

8.3 विराम अवकाश

(1) विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के उन स्थायी, पूर्णकालिक शिक्षकों जिन्होंने रीडर/सह–प्रोफेसरअथवा प्रोफेसरके रूप में सेवा के सात वर्ष पूरे कर लिए हों, विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा प्रणाली के लिए उनकी प्रवीणता और उपादेयता में वृद्धि करने के एक मात्र उद्देश्य से अध्ययन अथवा अनुसंधान अथवा कोई अन्य अकादमिक कार्य को पूरा करने के लिए विराम अवकाश की स्वीकृत की जा सकती है ।

(2) इस अवकाश की अवधि एक बार में एक वर्ष से अधिक और एक शिक्षक के पूरे सेवा काल में दो वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

(3) जिस शिक्षक ने अध्ययन अवकाश लिया है वह विराम अवकाश प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा ।

परन्तु यह भी कि विराम अवकाश तब तक स्वीकृत नहीं किया जाएगा जब तक कि पहले वाले अध्ययन अवकाश अथवा अन्य किसी प्रकार के एक वर्ष से या इससे अधिक की अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रम से शिक्षक के वापिस आने की तिथि से पाँच वर्ष समाप्त न हो गए हों ।

(4) किसी भी शिक्षक को विराम अवकाश की अवधि के दौरान उसके विराम अवकाश पर जाने से तुरंत पहले उस पर लागू दरों पर (निर्धारित शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन) पूरा वेतन और भत्ते दिए जाएँगे ।

(5) कोई भी शिक्षक जो विराम अवकाश पर है उस अवकाश की अवधि के दौरान भारत अथवा विदेष में किसी भी संगठन के अधीन कोई भी नियमित नियुक्ति स्वीकार नहीं करेगा । तथापि उसे किसी भी उच्च अध्ययन संस्थान में नियमित नियुक्ति को छोड़कर मानदेय अथवा किसी अन्य सहायता के रूप में कोई भी फेलोशिप, अथवा अनुसंधान अध्येतावृत्ति अथवा तदर्थ शैक्षिक अथवा अनुसंधान उत्तरदायित्व स्वीकार करने की अनुमति प्रदान की जा सकती है बशर्ते कि ऐसे मामलों में कार्यकारी परिषद्/सिंडीकेट यदि ऐसा चाहे, तो वह कम वेतन और भत्तों पर विराम अवकाश को स्वीकृत करे ।

(6) विराम अवकाश की अवधि के दौरान शिक्षक को नियत तिथि पर वेतन वृद्धि प्राप्त करने की अनुमति होगी । अवकाश की अवधि की पेंशन/अंशदायी भविष्य निधि के प्रयोजनों हेतु सेवा के रूप में गणना की जाएगी बशर्ते कि शिक्षक अपने अवकाश की समाप्ति पर विश्वविद्यालय में अपने कार्यभार को ग्रहण करता है ।

8.4 विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के स्थायी शिक्षकों के लिए अन्य प्रकार के अवकाश नियम

(क) स्थायी शिक्षकों को निम्नलिखित प्रकार की छुट्टी अनुमेय होगी:–

(1) छुट्टी जिसे ड्यूटी माना जाएगा अर्थात् आकस्मिक अवकाश, विशेष आकस्मिक अवकाश और ड्यूटी अवकाश;

(2) ड्यूटी द्वारा अर्जित छुट्टी अर्थात् अर्जित छुट्टी, अर्द्ध वेतन छुट्टी और परिणत छुट्टी

(3) छुट्टी जो ड्यूटी द्वारा अर्जित नहीं की गई है अर्थात् असाधारण छुट्टी और अर्जनशोध्य छुट्टी;

(4) छुट्टियों के खाते से न काटी जाने वाली छुट्टी;

(5) अकादमिक कार्यों के लिए छुट्टी अर्थात् अध्ययन अवकाश और विराम अवकाश/अकादमिक अवकाश;

(6) स्वास्थ्य के आधार पर छुट्टी उदाहराणार्थ मातृत्व अवकाश, संगरोध अवकाश ।

(ख) कार्यकारी परिषद्/सिंडीकेट अपवादात्मक मामलों में उन कारणों से जिनको रिकॉर्ड किया जाना है, ऐसे निबंधनों एवं शर्तों जिन्हें यह लागू करना उचित समझे, के अध्यधीन किसी अन्य प्रकार की छुट्टी स्वीकृत कर सकती है ।

8.4.1 आकस्मिक छुट्टी

(1) किसी भी शिक्षक को एक वर्ष में स्वीकृत आकस्मिक अवकाश 8 दिनों से अधिक का नहीं होगा ।

(2) आकस्मिक छुट्टी को, विशेष आकस्मिक छुट्टी को छोड़कर किसी भी अन्य अवकाश के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है । तथापि, ऐसी आकस्मिक छुट्टी को रविवारों सहित अवकाशों के साथ जोड़ा जा सकता है । आकस्मिक

छुट्टी की अवधि में पड़ने वाले अवकाशों अथवा रविवारों की आकस्मिक छुट्टी के रूप में गणना नहीं की जाएगी ।

8.4.2 विशेष आकस्मिक छुट्टी

(1) विशेष आकस्मिक छुट्टी, जो एक अकादमिक वर्ष में 10 दिन से अधिक की न होगी, किसी भी शिक्षक को स्वीकृत की जा सकती है:–

(क) किसी विश्वविद्यालय/लोक सेवा आयोग/परीक्षा बोर्ड अथवा अन्य सदृश निकायों/संस्थाओं की परीक्षा का संचालन

(ख) किसी भी साँविधिक बोर्ड इत्यादि से संबद्ध अकादमिक संस्थाओं इत्यादि का निरीक्षण करनाँ

(2) अनुमेय 10 दिन की छुट्टी की गणना करने में उन स्थानों जहाँ उपर्युक्त निर्दिष्ट कार्यकलाप घटित होते हैं, की दोनों तरफ की वास्तविक यात्रा, यदि कोई हो, में लगने वाले दिनों को शामिल नहीं किया जाएगा ।

(3) इसके अतिरिक्ति निम्नलिखित दिनों की भी विशेष आकस्मिक छुट्टी स्वीकृत की जा सकती है:–

(क) परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वंय की बन्ध्याकरण शल्य चिकित्सा (नसबन्दी अथवा साल्पिनजेक्टोमी) करवाना । इस मामले में छुट्टी को 6 कार्य दिवसों तक सीमित कर दिया जाएगा; तथा

(ख) किसी भी महिला शिक्षक जो स्वयं का अस्थाई बन्ध्याकरण करवाती है, इस मामले में छुट्टी 14 दिन तक सीमित कर दी जाएगी ।

(4) विशेष आकस्मिक छुट्टी का संचय नहीं किया जा सकता और न ही इसे आकस्मिक छुट्टी को छोड़कर किसी अन्य छुट्टी के साथ जोड़ा जा सकता है । इसे अवकाशों अथवा छुट्टियों के साथ जोड़कर प्रत्येक अवसर पर स्वीकृतिदाता प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जा सकता है ।

8.4.3 अर्जित छुट्टी

(1) किसी भी शिक्षक को अनुमेय अर्जित छुट्टी निम्नानुसार होगी:–

(क) वेकेशन सहित वास्तविक सेवा का 1/30; जमा

(ख) उस अवधि जिसके दौरान उसको छुट्टियों के दौरान ड्यूटी करनी पड़ती है, का 1/3 वास्तविक सेवा की अवधि की गणना करने के प्रयोजनों से आकस्मिक, विशेष और ऑन ड्यूटी छुट्टी की सभी अवधियों को शामिल नहीं किया जाएगा ।

(2) किसी भी शिक्षक के खाते में जमा अर्जित छुट्टी 300 दिनों से अधिक की संचित नहीं होगी । एक बार में स्वीकृत की जा सकने वाली अधिकतम अर्जित छुट्टी 60 दिन से अधिक की नहीं होगी । तथापि, 60 दिनों से अधिक की अर्जित छुट्टी उच्चतर अध्ययन, अथवा प्रशिक्षण, अथवा चिकित्सकीय प्रमाण पत्र के आधार पर छुट्टी, अथवा जब समूची छुट्टी अथवा उसका एक भाग भारत से बाहर व्यतीत हो गया हो, के मामले में स्वीकृत की जा सकती है ।

शंका निवारण के लिए, यह ध्यान में रखा जाना चाहिए:–

1. जब कोई शिक्षक अर्जित अवकाश के साथ छुट्टियों को मिलाता है तो छुट्टियों की अवधि को औसत वेतन पर छुट्टी की अधिकतम सीमा की गणना करते समय छुट्टी माना जाएगा जिसे छुट्टी की विशेष अवधि में शामिल किया जाए ।

2. उस मामले, जिसमें छुट्टी का केवल एक भाग ही भारत से बाहर व्यतीत किया गया है, 120 दिनों से अधिक की छुट्टी की स्वीकृति इस शर्त के अध्यधीन होगी कि छुट्टी का वह भाग जो भारत में व्यतीत किया गया है कुल मिलाकर 120 दिन से अधिक का नहीं होगा।

3. अर्जित छुट्टी का नकदीकरण शैक्षणिक स्टॉफ के नॉन–वेकेशन सदस्यों को अनुमेय होगा जैसा कि केन्द्र/राज्य सरकारों के कर्मचारियों पर लागू होता है ।

8.4.4. अर्द्ध वेतन छुट्टी

किसी भी स्थायी शिक्षक को अनुमेय अर्द्ध वेतन छुट्टी सेवा के पूरे किए गए प्रत्येक वर्ष के लिए 20 दिन की होगी । ऐसी छुट्टी पंजीकृत चिकित्सक से प्राप्त स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के आधार पर, निजी कार्यों अथवा अकादमिक प्रयोजनों हेतु स्वीकृत की जा सकती है ।

स्पष्टीकरण

"सेवा का पूरा किया गया वर्ष" से अभिप्राय है विश्वविद्यालय के अधीन निर्दिष्ट अवधि की अनवरत सेवा और इसमें ड्यूटी से अनुपस्थिति की अवधियाँ तथा असाधारण छुट्टी सहित छुट्टी शामिल है ।

8.4.5 परिणत छुट्टी

किसी भी स्थायी शिक्षक को परिणत छुट्टी जो देय अर्द्ध वेतन छुट्टी के आधे से अधिक की अवधि के लिए नहीं होगी, निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन पंजीकृत चिकित्सक से प्राप्त स्वास्थ्य प्रमाणपत्र के आधार पर स्वीकृत की जा सकती है ।

(1) परिणत छुट्टी समग्र सेवा के दौरान अधिकतम 240 दिनों तक सीमित होगी ।

(2) जब परिणत छुट्टी स्वीकृत की जाती है तो देय अर्द्ध वेतन छुट्टियों में से ऐसी छुट्टी की दो गुणा छुट्टियाँ काट ली जाएँगी ।

(3) एक साथ जोड़कर लेने पर अर्जित छुट्टी और परिणत छुट्टी की कुल अवधि एक बार में 240 दिनों से अधिक नहीं होगी बशर्ते कि इन नियमों के अंतर्गत कोई भी परिणत छुट्टी स्वीकृत नहीं की जाएगी जब तक कि छुट्टी स्वीकृत करने वाले सक्षम प्राधिकारी के पास यह विश्वास करने का कारण हो कि इसकी समाप्ति पर शिक्षक ड्यूटी पर वापिस लौट आएगा ।

8.4.6 असाधारण छुट्टी

(1) किसी भी स्थायी शिक्षक को निम्नलिखित स्थिति में असाधारण छुट्टी स्वीकृत की जा सकती है:—

(क) जब कोई अन्य छुट्टी अनुमेय न हो; अथवा

(ख) अन्य छुट्टी अनुमेय हो और शिक्षक लिखित में असाधारण छुट्टी के लिए आवेदन करता है ।

(2) असाधारण छुट्टी हमेशा वेतन एवं भत्तों रहित होगी । असाधारण छुट्टी की निम्नलिखित मामलों को छोड़कर वेतन वृद्धि के लिए गणना नहीं की जाएगी:—

(क) स्वास्थ्य प्रमाणपत्रों के आधार पर ली गई छुट्टी;

(ख) उन मामलों में जिनमें कुलपति/प्रधानाचार्य इस बात से संतुष्ट हों कि छुट्टी उन कारणों से ली गई थी जो शिक्षक के वश में नहीं थे जैसे असैन्य उपद्रव अथवा किसी प्राकृतिक आपदा के कारण अपना कार्यभार ग्रहण करने/कार्यभार पुनः ग्रहण करने में असमर्थता बशर्ते कि शिक्षक के खाते में कोई अन्य प्रकार की छुट्टी शेष न हो;

(ग) उच्च अध्ययन करने के लिए ली गई छुट्टी; और

(घ) किसी शैक्षणिक पद अथवा फेलोशिप अथवा अनसंधान—सह—शैक्षणिक पद अथवा महत्वपूर्ण तकनीकी अथवा अकादमिक कार्य करने का आमंत्रण स्वीकार करने के लिए स्वीकृत की गई छुट्टी ।

(3) असाधारण छुट्टी को आकस्मिक छुट्टी अथवा विशेष आकस्मिक छुट्टी को छोड़कर किसी भी अन्य प्रकार की छुट्टी के साथ जोड़कर लिया जा सकता है बशर्ते कि ड्यूटी से अनवरत अनुपस्थिति की कुल अवधि (छुट्टियाँ जब ऐसी छुट्टी के साथ जोड़कर ली जाए, की अवधियों सहित) उन मामलों जिनमें छुट्टी

स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र के आधार पर ली जाती है, को छोड़कर तीन वर्षों से अधिक नहीं होगी । ड्यूटी से अनुपस्थिति की कुल अवधि किसी भी स्थिति में व्यक्ति के पूर्ण कार्यकाल में पाँच वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

(4) छुट्टी स्वीकृत करने की शक्ति प्राप्त प्राधिकारी भूतलक्षी प्रभाव से बिना छुट्टी के अनुपस्थिति की अवधियों को असाधारण छुट्टी में परिणत कर सकता है ।

8.4.7 अर्जन शोध्य छुट्टी

(1) कुलपति/प्रधानाचार्य के विवेक पर किसी भी स्थायी शिक्षक को अर्जन शोध्य छुट्टी उतनी अवधि के लिए स्वीकृत की जा सकती है जो सेवा की समग्र अवधि के दौरान 360 दिन, जिसमें से एक बार में 90 दिन और कुल मिलाकर 180 दिन से अनधिक को चिकित्सकीय प्रमाणपत्र के अलावा स्वीकार किया जा सकता है । ऐसी छुट्टी बाद में उसके द्वारा अर्जित की जाने वाली अर्द्ध–वेतन– छुट्टी से काट ली जाएगी ।

(2) अर्जन शोध्य छुट्टी तब तक स्वीकृत नहीं की जाएगी जब तक कि कुलपति/प्रधानाचार्य इस बात से संतुष्ट न हो कि जहाँ तक तार्किक दूरदृष्टि से अनुमान लगाया जा सकता है, शिक्षक छुट्टी की समाप्ति पर ड्यूटी पर लौट आएगा और स्वीकृत की जा चुकी छुट्टी को अर्जित करेगा ।

(3) किसी भी शिक्षक जिसको अर्जन शोध्य छुट्टी स्वीकृत की जाती है, को तब तक सेवा से त्यागपत्र देने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक कि उसके छुट्टी के खाते से काटी जाने वाली छुट्टियों के बकाया को सक्रिय सेवा के द्वारा समाप्त नहीं कर दिया जाता अथवा वह इस प्रकार अर्जित न की गई अवधि के लिए भुगतान की गई वेतन और भत्तों की धनराशि को वापिस नहीं लौटा देता । उस मामले जिसमें खराब स्वास्थ्य जो शिक्षक को और आगे सेवा करने में अक्षम कर दे, के कारण से सेवानिवृत्ति अपरिहार्य हो जाए तो छुट्टी की उस अवधि जिसे अर्जित किया जाना है, के छुट्टी वेतन

का वापिस भुगतान करने को कार्यकारी परिषद् द्वारा माफ किया जा सकता है ।

बशर्ते कि कार्यकारी परिषद्, किसी अन्य अपवादात्मक मामले में, लिखित में दिए जाने वाले कारणों के लिए छुट्टी की अवधि जिसे अभी तक अर्जित नहीं किया गया है, के छुट्टी वेतन का वापिस भुगतान करने को माफ कर दे ।

8.4.8 मातृत्व अवकाश

(1) किसी भी महिला शिक्षक को 180 दिनों से अनधिक अवधि के लिए पूर्ण वेतन पर मातृत्व अवकाश जिसे समग्र सेवा काल में दो बार लिया जा सकता है, स्वीकृत किया जा सकता है । मातृत्व अवकाश गर्भपात सहित अपरिपक्व प्रसव के मामले में भी इस शर्त कि इस संबंध में किसी भी महिला शिक्षक को उसके सेवा काल में स्वीकृत की गई कुल छुट्टी 45 दिन से अधिक न हो और छुट्टी के आवेदन के समर्थन में चिकित्सकीय प्रमाण पत्र भी लगाया गया है, के अध्यधीन स्वीकृत किया जा सकता है ।

(2) मातृत्व अवकाश को अर्जित छुट्टी, अर्द्ध वेतन छुट्टी अथवा असाधारण छुट्टी के साथ जोड़कर लिया जा सकता है लेकिन कोई भी छुट्टी जो मातृत्व अवकाश की अनवरतता में आवेदित की गई है, को स्वीकृत किया जा सकता है यदि समर्थन में चिकित्सकीय प्रमाण पत्र भी लगा हुआ हो ।

8.4.9 बच्चों की देखभाल हेतु छुट्टी

अवयस्क बच्चों वाली महिलाओं को अपने अवयस्क बच्चों की देखभाल करने के लिए दो वर्ष तक की छुट्टी स्वीकृत की जा सकती है । महिला शिक्षकों को उनके समग्र सेवा काल में केन्द्र सरकार की महिला कर्मचारियों की तर्ज पर अधिकतम दो वर्षों (730 दिनों) की 'बच्चों की देखभाल हेतु छुट्टी' (चाइल्ड केयर लीव) स्वीकृत की जा सकती है । उन मामलों जिनमें 45 दिन से अधिक की चाइल्ड केयर लीव स्वीकृत की जाती है, विश्वविद्यालय/महाविद्यालय संस्थान विश्वविद्यालय

अनुदान आयोग को सूचना देकर अंश–कालिक/अतिथि स्थानापन्न शिक्षक की नियुक्ति कर सकता है ।

8.4.10 पितृत्व अवकाश

पुरुष शिक्षकों को उनकी पत्नी के प्रसवोपरान्त घर पर रहने के दौरान 15 दिनों का पितृत्व अवकाश स्वीकृत किया जा सकता है और ऐसी छुट्टी केवल दो बच्चों तक ही स्वीकृत की जाएगी ।

8.4.11 दत्तक अवकाश

दत्तक अवकाश केन्द्र सरकार के नियमों के अनुसार दिया जा सकता है ।

9. अनुसंधान संवर्धन अनुदान

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अथवा संबंधित एजेन्सी (केन्द्रीय/राज्य सरकारें) शिक्षकों और अन्य गैर–व्यावसायिक अकादमिक स्टॉफ को उनकी नियुक्ति के तुरंत बाद अनुसंधान शुरू करने के लिए सामाजिक विज्ञान, मानविकी और भाषाओं में 3 लाख रुपये और विज्ञान और प्रौद्योगिकी में 6 लाख रुपये का प्रारंभिक अनुदान स्वीकृत कर सकती हैं ।

9.1 परामर्शदात्री कार्य

परामर्शदात्री नियम, निबंधन एवं शर्तें तथा संस्थाओं और परामर्शदाता शिक्षकों के बीच राजस्व का बँटवारा करने का मॉडल विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के परामर्शदात्री नियमों जो अलग से दिए जाएँगे, के अनुरूप होगा ।

10.0 सी.ए.एस. के अधीन प्रत्यक्ष भर्ती और पदोन्नति हेतु विगत सेवाओं की गणना करना

10.1 सहायक प्रोफेसर, सह प्रोफेसरअथवा प्रोफेसरके रूप में किसी भी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं अथवा अन्य वैज्ञानिक/व्यावसायिक संगठनों जैसे सी.एस.आई.आर., आई.सी.ए.आर., डी.आर.डी.ओ., यू.जी.सी., आई.सी.एस.एस.आर., आई.सी.एच.आर., आई.सी.एम.आर., डी.बी.टी इत्यादि में दी गई विगत सेवाओं

चाहे वे राष्ट्रीय हो अथवा अन्तर्राष्ट्रीय, को सहायक प्रोफेसर, सह प्रोफेसर, प्रोफेसरअथवा किसी अन्य नाम के पद के रूप में शिक्षक की सी.ए.एस. के अधीन सीधी भर्ती और पदोन्नति के लिए गणना की जानी चाहिए । इन पदों का वर्णन परिशिष्ट–तीन तालिका सं0 2 के अनुसार किया गया है बशर्ते कि:

(क) धारित पद की आवश्यक अर्हताएँ सहायक प्रोफेसर, सह–प्रोफेसर और प्रोफेसर जैसी भी स्थिति हो, के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित अर्हताएँ से न्यूनतर न रही हों ।

(ख) पद समकक्ष ग्रेड अथवा सहायक प्रोफेसर(व्याख्याता) सह प्रोफेसर(रीडर) और प्रोफेसर के पदो के रूप में संशोधन पूर्व वेतनमान का है/थी ।

(ग) सीधी भर्ती हेतु उम्मीदवार ने केवल उचित माध्यम से आवेदन किया है ।

(घ) संबंधित सहायक प्रोफेसर, सह–प्रोफेसर और प्रोफेसरके पास वही न्यूनतम अर्हता होनी चाहिए जो कि सहायक प्रोफेसर, सह–प्रोफेसर और प्रोफेसर, जैसी भी स्थिति हो, के पद के लिए नियुक्ति हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित की गई हो ।

(ड़) पद को ऐसी नियुक्तियों हेतु विश्वविद्यालय/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/संबंधित संस्थाओं के विनियमनों में यथा विहित निर्धारित चयन प्रक्रियाके अनुरूप भरा गया हो ।

(च) पूर्ववर्ती नियुक्ति किसी भी अवधि के लिए अतिथि व्याख्याता अथवा तदर्थ आधार पर अथवा एक सेमेस्टर से कम अवधि की अवकाश रिक्ति के स्थान पर न रही हो । एक सेमेस्टर से अधिक की अवधि की तदर्थ सेवा अथवा अस्थायी सेवा की गणना की जा सकती है बशर्ते कि

(1) सेवा की अवधि एक सेमेस्टर अवधि से अधिक की रही हो;

(2) पदधारी को विधिवत गठित चयन समिति की सिफारिश पर नियुक्त किया गया था; और

(3) पदधारक का स्थायी पद के लिए चयन बिना किसी अन्तराल के तदर्थ अथवा अस्थायी सेवा के अनुक्रम में किया गया था ।

(छ) उस संस्थान जहाँ पूर्ववर्ती सेवाएँ प्रदान की गई हैं, जहाँ इस खण्ड के अधीन विगत सेवाओं की गणना करने पर विचार किया गया था, के प्रबंधन के स्वरूप (निजी/स्थानीय निकाय/सरकारी) के संबंध में कोई अन्तर नहीं किया जाना चाहिए ।

11.0 परिवीक्षा और स्थायीकरण की अवधि

11.1 परिवीक्षा की न्यूनतम अवधि एक वर्ष होगी जिसे असंतोषजनक कार्य निष्पादन के मामले में एक वर्ष की और अधिकतम अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है ।

11.2 एक वर्ष के अंत में स्थायीकरण स्वतः हो जाएगा जब तक कि, प्रथम वर्ष की समाप्ति से पहले एक विशिष्ट आदेश के द्वारा एक और वर्ष के लिए न बढ़ा दिया जाए ।

11.3 इस खण्ड 11 के अध्यधीन, विश्वविद्यालय/संस्थान की ओर से संतोषजनक कार्य निष्पादन के विधिवत सत्यापन के बाद परिवीक्षा अवधि के पूरा होने के 45 दिन के अंदर पुष्टि का एक आदेश जारी करना बाध्यकारी है ।

11.4 केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए परिवीक्षा और पुष्टि नियम केवल भर्ती की प्रारंभिक अवस्था में लागू होते हैं ।

11.5 परिवीक्षा और पुष्टि संबंधी सभी अन्य केन्द्रीय सरकार के नियम यथावश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे ।

12.0 शैक्षणिक पदों का सृजन और भरना

12.1 जहाँ तक व्यवहार्य हो, विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक पदों का सृजन पिरामिड के क्रम में किया जाए अर्थात्, उदाहरण के लिए प्रति विभाग प्रोफेसरके एक पद के लिए दो पद सह प्रोफेसरके और चार पद सहायक प्रोफेसरके होंगे ।

12.2 विश्वविद्यालय प्रणाली में सभी स्वीकृत/अनुमोदित पदों को तत्काल आधार पर भरा जाएगा ।

13.0 अनुबन्ध आधार पर नियुक्तियॉ

13.1 शिक्षकों को अनुबन्ध आधार पर तभी नियुक्त किया जाएगा जब ऐसा करना नितॉत आवश्यक हो और तब किया जाए जब छात्र–शिक्षक अनुपात विहित मानकों को पूरा न करता हो । किसी भी मामले में ऐसी नियुक्तियों की संख्या किसी भी महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय में शिक्षकों के पदों की कुल संख्या के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए । उनको नियुक्त करने की अर्हताएँ और चयन प्रक्रियावही होनी चाहिए जो नियमित रूप से नियुक्त शिक्षक पर लागू होती है । ऐसे अनुबन्ध शिक्षकों को अदा की गई निर्धारित परिलब्धियॉ नियमित रूप से नियुक्त सहायक प्रोफेसरके सकल मासिक वेतन से कम नहीं होनी चाहिए । प्रारंभ में ऐसी नियुक्तियाँ एक अकादमिक सत्र से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा ऐसे किसी प्रविष्ट शिक्षक की अगले सत्र में संविदा आधार पर पुनर्नियुक्ति पूर्व उसके निष्पादन की अकादमिक कार्यनिष्पादन के लिए समीक्षा की जानी चाहिए ।

14.0 शिक्षण के दिवस

14.1 विश्वविद्यालय/कॉलेजों को कम से कम 180 कार्य दिवस को अंगीकार करना होगा अर्थात् एक सप्ताह में 6 दिवसों के 30 सप्ताहों का वास्तविक शिक्षण होना चाहिए । शेष अवधि में से 12 सप्ताह प्रवेश तथा परीक्षा क्रियाकलाप तथा सह–पाठ्येत्तर, खेलकूद, कॉलेज दिवस आदि के गैर अनुदेशात्मक दिवस को समर्पित किए जाने चाहिए । 8 सप्ताह अवकाश तथा 2 सप्ताह विभिन्न सार्वजनिक अवकाश के लिए रखे जाने चाहिए । यदि विश्वविद्यालय सप्ताह में 5 कार्य दिवस के पैटर्न को अपनाती है तो एक सप्ताह में छह दिवसों के समान 30 सप्ताहों का वास्तविक शिक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए ।

उपरोक्त को संक्षेप में निम्नानुसार प्रस्तुत किया जा सकता है:

	सप्ताहों की संख्या = एक सप्ताह में 6 कार्य दिवस का पैटर्न		सप्ताहों की संख्या = एक सप्ताह में 5 कार्य दिवस का पैटर्न	
श्रेणीकरण	विश्वविद्यालय	कॉलेज	विश्वविद्यालय	कॉलेज
शिक्षण तथा सीखने की प्रक्रिया	30(180 दिवस सप्ताह)	30(180 दिवस सप्ताह)	30(180 दिवस सप्ताह)	36(180 दिवस सप्ताह)
परीक्षा के लिए प्रवेश/ परीक्षा की तैयारी	12	10	8	8
छुट्टियाँ	8	10	6	6
सार्वजनिक अवकाश (तदनुसार, शिक्षण दिवस को बढ़ाया तथा समायोजित किया जाए	2	2	2	2
कुल	52	52	52	52

14.2 छुट्टियों को 2 सप्ताह कम करने की एवज में विश्वविद्यालय शिक्षकों को अर्जित अवकाश की 1/3 अवधि उनके खाते में जोड़ दी जाए । तथापि, कॉलेज के पास संपूर्ण वर्ष में 10 सप्ताह की कुल छुट्टियों तथा शून्य अर्जित अवकाश का भी विकल्प है सिवाय जब छुट्टियों के दौरान कार्य करना हो तो विश्वविद्यालय शिक्षकों के मामले में अवधि की 1/3 भाग को उनके खाते में अर्जित अवकाश के रूप में जोड़ दिया जाए ।

15.0 **कार्य भार**

15.1 पूर्ण नियोजन के मामले में एक अकादमिक वर्ष में शिक्षक पर कार्य भार 30 कार्य सप्ताह (180 शिक्षक दिवसों के एक सप्ताह में 40 घंटे से कम नहीं होना चाहिए । शिक्षक के लिए यह आवश्यक होगा कि वह रोजाना विश्वविद्यालय/कॉलेज में 5 घंटे के लिए उपलब्ध रहे जिसके विश्वविद्यालय/कॉलेज द्वारा आवश्यक स्थान तथा अवसंरचना उपलबध कराई जानी चाहिए । प्रत्यक्ष शिक्षण–सीखने की प्रक्रिया निम्नवत होनी चाहिए ।

सहायक प्रोफेसर 16 घंटे
सह–प्रोफेसर तथा प्रोफेसर 14 घंटे

15.2 तथापि, प्रोफेसरों को कार्य भार में दो घंटे की छूट दी जा साकती है जो विस्तार क्रियाकलापों तथा प्रशासन में सक्रिय रूप से जुड़े हों । शिक्षक के अनुसंधान क्रियाकलापों के लिए प्रति सप्ताह 6 घंटो की न्यूनतम अवधि आवंटित की जा सकती है ।

16.0 **सेवा समझौता तथा वरिष्ठता का निर्धारण**

16.1 विश्वविद्यालय तथा कॉलेजों में भर्ती के समय, विश्वविद्यालय/कॉलेज तथा संबंधित शिक्षक के बीच एक सेवा समझौता निष्पादित किया जाना चाहिए जिसकी एक प्रति रजिस्ट्रार/प्रोफेसरके पास जमा की जानी चाहिए । ऐसा सेवा समझौता मौजूदा लागू दरों के यथोचित स्टाम्प पेपर पर बनाया जाएगा ।

16.2 स्व–मूल्याँकन अथवा संबंद्ध निष्पादन आधारित मूल्याँकन प्रणाली (पी0बी0ए0एस0) पद्धति, सेवा समझौते/रिकार्ड का एक भाग होगी ।

16.3 **सीधे भर्ती तथा सी0ए0एस0के तहत पदोन्नत शिक्षकों के बीच परस्पर वरिष्ठता**

सीधे भर्ती शिक्षक की परस्पर वरिष्ठता कार्यग्रहण की तिथि से निर्धारित होगी तथा सी0ए0एस0के तहत पदोन्नत शिक्षक के लिए चयन समिति की सिफारिशों में यथा दर्शायी गई अर्हता तिथि होगी । संबंधित केन्द्र/राज्य सरकार के नियम और विनियम वरिष्ठता के अन्य मामलों पर भी लागू होंगे ।

17.0 **पेशेवर आचरण नियम**

1. **शिक्षक और उनके उत्तरदायित्व**

जो कोई व्यक्ति भी शिक्षण को अपनी आजीविका के रूप में चयन करता है, उसकी बाध्यता है कि वह पेशे के आदर्शों के अनुरूप आचरण करे । शिक्षक लगातार छात्रों, वृहद् रूप से समाज की नजरों में रहता है । इसलिए, प्रत्येक शिक्षक को यह देखना चाहिए कि उसकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं होना चाहिए । पहले से निर्धारित राष्ट्रीय आदर्शों को जिन्हें उसे छात्रों में भी अंतर्निविष्ट करना चाहिए वे उसके स्वयं के आदर्श भी

होने चाहिए । इस पेशे में यह भी अपेक्षित है कि शिक्षक, स्वभाव से शाँत, धैर्यशील तथा अभिव्यक्तिशील तथा मिलनसार मनोभाव वाला होना चाहिए ।

शिक्षकों को चाहिए कि:

(i) समाज में उन्हें जिम्मेदारी पूर्ण आचरण तथा व्यवहार के पैटर्न का पालन करना चाहिए जिसकी समाज उनसे आशा करता है;

(ii) अपने निजी मामलों को पेशे की गरिमा के अनुरूप संचालित करना चाहिए;

(iii) अध्ययन तथा अनुसंधान के माध्यम से व्यावसायिक विकास को सतत बनाना चाहिए;

(iv) ज्ञान के क्षेत्र में योगदान की दिशा में पेशेवर बैठकों, संगोष्ठियों, सम्मेलनों आदि में भाग लेकर अपने निःसंकोच तथा खुले विचार व्यक्त करने चाहिए ।

(v) पेशेवर संगठनों का सक्रिय सदस्य बने रहना चाहिए तथा उनके माध्यम से शिक्षा तथा पेशे में सुधार के लिए प्रत्यनशील रहना चाहिए;

(vi) शिक्षण, शिक्षकीय, व्यावहारिक ज्ञान, संगोष्ठी तथा अनुसंधान कार्य के रूप में कर्तव्यनिष्ठा तथा लगन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए;

(vii) विश्वविद्यालय तथा कॉलेज के शैक्षणिक उत्तरदायित्वों से संबंधित कार्यों में सहयोग तथा सहायता प्रदान करे, जैसे दाखिले के लिए आवेदनों के मूल्याँकन में सहायता, छात्रों को सलाह और परामर्श देना साथ ही पर्यवेक्षण, निरीक्षण तथा मूल्याँकन सहित विश्वविद्यालय तथा कॉलेज परीक्षाएँ करवाना; और

(viii) सामुदायिक सेवा सहित विस्तार, सह–पाठ्येतर तथा पाठ्येतर क्रियाकलापों में भाग लेना

2. शिक्षक तथा छात्र

शिक्षकों को चाहिए कि:

(i) वह छात्रों को उनके विचार प्रकट करने के अधिकार तथा उनकी गरिमा का आदर करे;

(ii) छात्रों को उनके धर्म, जाति, राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक तथा शारीरिक विशेषताओं पर ध्यान दिए बिना उनसे एक समान तथा निष्पक्षता का व्यवहार करे ।

(iii) छात्रों की परस्पर योग्यताओं तथा उनकी क्षमताओं विद्यमान अंतर को पहचानने तथा व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में प्रयास करें ।

(iv) छात्रों को उपलब्धि में सुधार करने, उनके व्यक्तित्व का विकास करने हेतु प्रोत्साहित करे तथा वहीं सामुदायिक कल्याण में योगदान दे;

(v) छात्रों में वैज्ञानिक सोच का अंतर्निवेशन करे तथा शारीरिक श्रम, लोकतंत्र में आदर्शों, देशभक्ति तथा शाँति के प्रति आदर का भाव पैदा करे;

(vi) छात्रों के प्रति स्नेहशील रहे तथा किसी कारण से उनमें से किसी के भी प्रति प्रतिशोध पूर्ण बर्ताव न करें;

(vii) गुणावगुण के मूल्याँकन में छात्रों की उपलब्धियों/प्राप्तियों पर ही ध्यान देना चाहिए;

(viii) कक्षा के बाहर भी छात्रों के लिए उपलब्ध रहे तथा बिना किसी पारिश्रमिक या पुरस्कार के छात्रों की मदद करे तथा उनका मार्गदर्शन करें;

(ix) हमारी राष्ट्रीय धरोहर तथा राष्ट्रीय उद्देश्यों की समझ पैदा करने में छात्रों की मदद करे; और

(x) छात्रों को दूसरे छात्रों, सहकर्मियों या प्रशासन के विरुद्ध भड़काने से बचें ।

3. शिक्षक तथा सहकर्मी

शिक्षकों को चाहिए कि:

(i) पेशे के अन्य सदस्यों के साथ ऐसा आचरण करें जैसा कि वे स्वयं के साथ चाहते हैं;

(ii) अन्य शिक्षकों के साथ सम्मानपूर्वक बात करनी चाहिए । पेशे की भलाई के लिए सहायता प्रदान करनी चाहिए;

(iii) उच्च प्राधिकारियों के पास सहकर्मियों पर बेबुनियाद आरोप लगाने से बचना चाहिए;

(iv) अपने पेशे प्रत्यनों के आड़े जाति, वंश, धर्म, नस्ल या लिंग को महत्व देने से बचें ।

4. शिक्षक तथा प्राधिकारी:

शिक्षक को चाहिए कि:

(i) वह अपने पेशेवर उत्तरदायित्व को मौजूदा नियमों के अनुरूप वहन करे तथा प्रक्रियाओं का पालन करे । पेशेवर हितों के लिए घातक किन्हीं ऐसे नियमों में परिवर्तन के लिए अपने संस्थागत निकायों और/अथवा पेशेवर संगठनों के माध्यम से ऐसे कदम उठाने में ऐसी प्रक्रियाओं तथा पद्धति का पालन करें जो उनके पेशे के अनुकूल हों;

(ii) निजी ट्यूशन तथा अनुशिक्षण कक्षाओं सहित किसी अन्य रोजगार या वचनबद्धता को अपनाने से बचें जो उनके पेशेवर उत्तरदायित्वों के साथ हस्तक्षेप करती हो;

(iii) विभिन्न अन्य कर्त्तव्यों को स्वीकार कर संस्थान की नीतियों को तैयार करने में सहयोग करें तथा ऐसे उत्तरदायित्वों का वहन करें जो ऐसा संस्थान चाहे;

(iv) अपने संगठनों के माध्यम से अन्य संस्थानों की नीतियाँ तैयार करने में सहयोग करे तथा पद स्वीकार करे;

(v) संस्थान के हितों तथा पेशे की गरिमा को ध्यान में रखते हुए संस्थान की भलाई के लिए प्राधिकारियों के साथ सहयोग करें;

(vi) संविदा की शर्तों का पालन करें;

(vii) नया पद स्वीकार करने तथा पुराना पद त्यागने से पूर्व विधिवत्‌रूप से नोटिस दें;

(viii) अपरिहार्य परिस्थितियों के अलावा छुट्टी लेने से बचें । अकादमिक अनुसूची की पूर्णता के प्रति जो उनका विशिष्ट उत्तरदायित्व है, के मद्‌देनजर जहाँ तक हो सके पूर्व सूचना देकर छुट्टी लें ।

5. शैक्षणिक तथा गैर–शैक्षणिक स्टाफः

(i) शिक्षकों को प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान में गैर–शिक्षक स्टाफ को सहकर्मी तथा सहयोग पूर्ण वातावरण के लिए बराबर का भागीदार मानना चाहिए; और

(ii) शिक्षकों को शिक्षकों तथा गैर शिक्षक स्टाफ दोनों को कवर करने वाले संयुक्त स्टाफ–परिषद्‌ों के कार्यकरण में मदद करनी चाहिए ।

6. शिक्षक तथा अभिभावक

शिक्षकों को चाहिए किः

(i) शिक्षक निकाय तथा संगठनों के माध्यम से यह देखने का प्रयास करना चाहिए कि संस्थान अभिभावकों, उनके छात्रों, से संपर्क बनाकर रखे तथा उनके निष्पादन की रिपोर्टों को जहाँ कहीं जरूरी हो उनके अभिभावकों को

भेजें तथा जहाँ कहीं भी आवश्यक हो विचारों के आपसी आदान–प्रदान के प्रयोजनार्थ तथा संस्थान के भले के लिए बुलाई गई बैठकों में अभिभावकों से भेंट करें ।

7. **शिक्षक तथा समाज**

शिक्षकों को चाहिए कि:

(i) यह पहचानना चाहिए कि शिक्षा एक सार्वजनिक सेवा है तथा जनसाधारण को उपलब्ध कराए जा रहे शैक्षणिक कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराने के लिए प्रयत्नरत रहे ।

(ii) समुदाय में शिक्षा में सुधार करने के लिए कार्य करना चाहिए और समुदाय के हौसले तथा बौद्धिक जीवन को सुदृढ़ करना चाहिए ।

(iii) सामाजिक समस्याओं के बारे में अवगत रहें तथा ऐसे क्रियाकलापों में भाग लें जो समाज के तथा समग्र रूप से देश की प्रगति के लिए उपयुक्त हों ।

(iv) नागरिक के कर्तव्यों का निर्वहन करे तथा सामुदायिक क्रियाकलापों में भाग लें तथा सार्वजनिक हित के मामलों का उत्तरदायित्व वहन करें ।

(v) ऐसे क्रियाकलापों में भाग लेने, उनमें सहायता प्रदान करने से बचे जिससे विभिन्न समुदायों, धर्मों और भाषायी समूहों के बीच घृणा को बढ़ावा मिलता हो बल्कि राष्ट्रीय एकता के लिए कार्य करें ।

खण्ड 6.8.0 के लिए अनुसूची

केन्द्रीय विश्वविद्यालयों तथा कॉलेजों तथा उनके तहत सम विश्वविद्यालयों जिनके रख–रखाव का व्यय वि.अ.आ. वहन करता है, में पदाधारियों तथा सीधी भर्ती के तहत नियुक्त सहायक प्रोफेसर/सह प्रोफेसर/प्रोफेसर तथा पुस्तकालय और शारीरिक शिक्षा तथा खेलकूद में अन्य समान संवर्गों के लिए सी0ए0एस0 वेतनमान, पदनाम तथा पदोन्नति के चरण

1.0 विश्वविद्यालयों तथा कॉलेजों में शिक्षण के पेशे में आने वाले व्यक्तियों का पदनाम सहायक प्रोफेसर होगा तथा उनका 15,600–39,100 रु. के वेतनमान तथा वेतन बैंड 3 और 6,000 रु. की ए0जी0पी0 होगी । पहले ही सेवारत प्रोफेसर जो कि संशोधन पूर्व के 8000–13500 के वेतनमान में कार्यरत हैं उन्हें 6000 रु. की उक्त ए0जी0पी0 के साथ सहायक प्रोफेसरके रूप में पुनः–पदनामित किया जाएगा । उनकी सी0ए0एस0 पदोन्नतियाँ इन विनियमों दिए गए पी0बी0ए0एस0 प्रणाली के आधार पर ए0पी0आई0 मानदंड के अधीन होगी ।

1.1 चार वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके सहायक प्रोफेसर, जो संगत विषय में पीएच0डी0 डिग्रीधारक हों, वे 7000 रु. की ए0जी0पी0 प्राप्त करने के पात्र होंगे ।

1.2 एम0फिल0 डिग्रीधारक, संगत सांविधिक निकाय द्वारा अनुमोदित पेशेवर पाठ्यक्रम जैसे एल0एल0एम0/एम0टेक0 इत्यादि में स्नातकोत्तर डिग्रीधारक सहायक प्रोफेसर, पाँच वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद 7000 रु. की ए0जी0पी0 के लिए पात्र होगा ।

1.3 सहायक प्रोफेसर जिसके पास पीएच0डी0 या एम0फिल0 या संगत पेशेवर पाठ्यक्रम में निष्णात, उपाधि न हो वह सहायक प्रोफेसर के रूप में छह वर्ष पूरे होने पर ही 7000 रु. की ए0जी0पी0 के लिए पात्र होंगे ।

1.4 सभी सहायक प्रोफेसरों के लिए 6000 से 7000 रु. की ए0जी0पी0 उन्नति उनके द्वारा इन विनियमों में वि.अ.आ. के उपबंधों के अनुसार पी0बी0ए0एस0 शर्तों के आधार पर ए0पी0आई0 मानदण्ड पर खरा उतरने के अध्यधीन होगी ।

2.0 प्रोफेसर(वरिष्ठ वेतनमान पर) अर्थात् संशोधन पूर्व 10,000–15,200 रु. के वेतनमान के पदों पर पदधारियों को सहायक प्रोफेसर के रूप में पुनः–पदनामित किया जाएगा तथा उन्हें 7000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ उनके वर्तमान वेतन के आधार पर 15600 – 39100 रु. के वेतन बैंड 3 में उपयुक्त चरण पर रखा जाएगा ।

2.1 7,000 रु. की ए0जी0पी0 में पाँच वर्षों की सेवा पूरी कर चुके सहायक प्रोफेसर, उन वि.अ.आ. विनियमों में निर्धारित अन्य ए0पी0ई0 अपेक्षाओं के अध्यधीन, 8000 रु. की ए0जी0पी0 में उन्नति पाने के पात्र होंगे ।

3.0 सह–प्रोफेसर का पद 9000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ 37400–67000 रुपये के वेतन बैंड 4 में होगा । इन विनियमों के तहत सीधी भर्ती वाले सह–प्रोफेसर को 9000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ नियुक्ति की निबंधन व शर्तों के अनुसार 37400–67000 रु. के वेतन बैंड 4 के उपयुक्त चरण पर रखा जाएगा ।

3.1 पदधारी रीडर तथा लेक्चरर (चयन ग्रेड) जिन्होंने 1 जनवरी, 2006 को 12,000 रु. – 18000 रु. के मौजूदा वेतनमान में तीन वर्ष पूर्ण कर लिए हैं उन्हें 9000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ 37000–67000 रु. के वेतन बैंड 4 में रखा जाएगा तथा उन्हें सह–प्रोफेसरके रूप में पुनः–पदनामित किया जाएगा ।

3.2 पदधारी रीडर तथा लेक्चरर (चयन ग्रेड) जिन्होंने 1 जनवरी 2006 को 12000–18300 रु. के वेतनमान में तीन वर्ष पूरे नहीं किए थे, उन्हें लेक्चरर (चयन ग्रेड)/ रीडर के ग्रेड में तीन वर्ष की सेवा पूरी किए जाने तक 8000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ 15600–39100 रु. के वेतन बैंड में उपयुक्त स्टेज पर रखा जाएगा तथा तत्पश्चात् उसे 37400–67000 के उच्च वेतन बैंड में रखा जाएगा तथा तदनुसार सह–प्रोफेसरके रूप में पुनः–पदनामित किया जायेगा ।

3.3 37400–67000 रु. के वेतन बैंड में ऊपर 3.1 तथा 3.2 में दिए गए तरीके से सह–प्रोफेसर के रूप से पदनामित किए जाने तक वर्तमान में सेवारत रीडर/लेक्चरर (चयन ग्रेड) का पदनाम लेक्चरर (चयन ग्रेड) या रीडर जैसा भी मामला हो, रहेगा ।

3.4 8000 रु. की ए0जी0पी0 में तीन वर्षों की सेवा पूर्ण करने वाला सहायक प्रोफेसर, इन विनियमों में विहित अर्हक शर्तों के अध्यधीन 9000 रु. के ए0जी0पी0 के साथ 37400–67000 के वेतन बैंड 4 में उन्नति पाएगा तथा वह सह–प्रोफेसर के रूप में पुनः–पदनामित होगा ।

3.5 9000 रु. की ए0जी0पी0 में तीन वर्षों की सेवा पूर्ण करने वाला तथा संगत विषय में पीएच0डी0 की डिग्री पूर्ण करने वाले सह–प्रोफेसर इन विनियमों में विहित परिशिष्ट–चार की तालिका एक से तीन में उपबंधित पी0बी0ए0एस0 पद्धति के आधार पर ए0पी0आई0 के अनुसार अपेक्षित क्रेडिट प्वाइंट पाने पर, तथा प्रोफेसर के पद पर सीधी भर्ती हेतु विधिवत रूप से गठित चयन समिति द्वारा मूल्याँकन किए जाने पर प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति पाने तथा पदनामित किए जाने का पात्र होगा । पीएच0डी0 डिग्री धारक शिक्षक के अलावा कोई भी शिक्षक प्रोफेसर के रूप में पदोन्नत या नियुक्त नहीं किया जाएगा । प्रोफेसरके पद के लिए वेतन बैंड 4 की 10,000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ वेतनमान 37400–67000 रु. होगा ।

4.0 सीधी भर्ती किए गए प्रोफेसर का वेतन 37400–67000 रु. के वेतन बैंड 4 में 10,000 की लागू ए0जी0पी0 के साथ 43000 रु. से कम नहीं होगा ।

4.1 विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के 10 प्रतिशत पद 12000 रु. की उच्च ए0जी0पी0 में स्थापित किए जाने के पात्र होंगे । तथापि, 12000 रु. की उच्च ए0जी0पी0 पर पदोन्नत शिक्षक प्रोफेसरके रूप में पदनामित किए जाते रहेंगे । प्रोफेसरके रूप में संशोधन पूर्व के प्रोफेसर के 16,400–22,400 के वेतनमान या 10,000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ वेतन बैंड 4 के वेतनमान पर कम से कम दस वर्षों का शिक्षण तथा अनुसंधान का अनुभव तथा विधिवत रूप से गठित विशेषज्ञ समिति के माध्यम से इन विनियमों में विहित पी0बी0ए0एस0 पद्धति द्वारा तालिका दो के अनुसार अपेक्षित ए0पी0आई0 अंक की प्राप्ति पर ही 12000 रु. के उच्च अकादमिक ग्रेड वेतन में प्रोफेसर को पदोन्नत किए जाने हेतु पात्रता होगी ।

5.0 कॉलेजों में प्रधानाचार्यों के वेतनमान

5.1 स्नातक पूर्व कॉलेजों के प्रधानाचार्य

स्नातक पूर्व कॉलेजों में प्रधानाचार्य के पद पर 10,000 रु. की ए0जी0पी0 तथा प्रति 2000 रु. के विशेष भत्ते के साथ 37,400–67,000 रु. के वेतन बैंड में होगी तथा सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त किए गए प्रोफेसर के मामले में इसे 43000 रु. से कम के स्तर पर निर्धारित नहीं किया जाएगा । सेवारत सभी प्रधानाचार्यों के वेतन को 10,000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ उपर्युक्त वेतन बैंड में निर्धारित किया जाएगा ।

5.2 स्नातकोत्तर कॉलेजों के प्रधानाचार्य :

स्नातकोत्तर कॉलेजों में प्रधानाचार्य का पद 10,000 रु. की ए0जी0पी0 के 3000 रु. प्रति माह के विशेष भत्ते के साथ 37400–67000 के वेतन बैंड में होगा तथा सीधी भर्ती द्वारा भर्ती किए प्रोफेसरों के मामले में इसे 43000 रु. से नीचे की स्टेज में निर्धारित नहीं किया जाएगा । सेवारत सभी प्रधानाचार्यों के वेतन को 10,000 रु. ए0जी0पी0 के साथ वेतन बैंड 4 में उपयुक्त रूप से निर्धारित किया जाएगा ।

6.0 पुस्तकालय अध्यक्ष आदि के लिए वेतनमान तथा वृत्ति उन्नति योजना विनियम

6.1 विश्वविद्यालय सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष

(i) संशोधन पूर्व 8000–13500 रु. के वेतन में सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष को 6000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ 15600–39100 रु. के वेतन बैंड में रखा जाएगा ।

(ii) वि.अ.आ. द्वारा इन विनियमों के अनुसार निर्धारित अर्हता की सभी शर्तें तथा अकादमिक योग्यता सहायक विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालय अध्यक्ष की सीधी भर्ती पर भी लागू होगी ।

6.2 सहायक विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान)/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान)

(i) 10,000–15,200 रु. के संशोधन पूर्व के वेतनमान में सहायक विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान)/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान) को 7,000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ 15600–39100 रु. के वेतन बैंड में रखा जाएगा ।

(ii) पुस्तकालय विज्ञान में पीएच0डी0 डिग्रीधारक सहायक विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष 6000 रु. की ए0जी0पी0 में चार वर्ष की सेवा पूर्ण करने के उपरांत तथा वि.अ.आ. द्वारा इन विनियमों में दी गई ए0पी0आई0 प्राप्तांक प्रणाली और पी0बी0ए0एस0 पद्धति के अनुसार अर्हक होने पर वह 15600–39100 रु. के वेतन बैंड के साथ 7000 रु. की उच्च ए0जी0पी0 के लिए पात्र होगा ।

(iii) सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष जिसके पास पीएच0डी0 डिग्री न हो परंतु पुस्तकालय विज्ञान में एम0फिल0 डिग्री हो वह प्रवेश स्तर पर 6000 रु. की ए0जी0पी0 में पाँच वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद, इन विनियमों में वि.अ.आ. द्वारा दी गई ए0पी0आई0 प्राप्ताँक प्रणाली तथा पी0बी0ए0एस0 पद्धति के अनुसार अन्यथा अर्हक होने पर वह 7000 रु. की उच्च ए0जी0पी0 के लिए पात्र हो जाएगा ।

(iv) 6000 रु. की ए0जी0पी0 में छह वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर तथा संगत विषय में पीएच0डी0 तथा एम0फिल0 डिग्री न होने पर सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष, इन विनियमों में वि.अ.आ. द्वारा दी गई ए0पी0आई0 प्राप्ताँक प्रणाली तथा पी0बी0ए0एस0 पद्धति के अनुसार अन्यथा अर्हक होने पर वह 7000 रु. की उच्च ए0जी0पी0 के लिए पात्र होगा ।

(v) संशोधन पूर्व 10,000–15200 रु. के वेतनमान में कार्यरत सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान) कालेज पुस्तकालय अध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान) का वेतनमान 7000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ 15600–39100 रु. के वेतनमान पर उनके वर्तमान वेतन के आधार पर उपर्युक्त स्टेज पर निर्धारित की जाएगी ।

6.3 उप पुस्तकालयाध्यक्ष/सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन ग्रेड)/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन ग्रेड)

(i) उप पुस्तकालयाध्यक्ष जिन्हें सीधे नियुक्त किया गया है उन्हें 8000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ 15600–39100 रु. के वेतन बैंड में रखा जाएगा ।

(ii) पँच वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान)/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान) 8000 रु. के अकादमिक ग्रेड वेतन के साथ 15600–39100 रु. के वेतन बैंड की उप पुस्तकालयाध्यक्ष/समकक्ष पद के लिए योग्य होगा, जो कि इन विनियमों में सी0ए0एस0 पदोन्नति के लिए अ.अ.आ. द्वारा निर्धारित ए0पी0आई0 प्राप्ताँक प्रणाली आधारित पी0बी0ए0एस0 पद्धति के अनुसार अर्हता की अन्य शर्तें पूरा करने (जैसे की उप पुस्तकालयाध्यक्ष के लिए पीएच0डी0 डिग्री आदि) के अध्यधीन होगा । उन्हें उप पुस्तकालयाध्यक्ष/सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन ग्रेड)/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन ग्रेड), जैसा भी मामला हो, पदनामित किया जाएगा ।

(iii) 8000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ 15600–39100 के वेतन बैंड में तीन वर्षों की सेवा पूर्ण किए जाने पर उप पुस्तकालयाध्यक्ष/समकक्ष पद इन विनियमों में सी0ए0एस0पदोन्नतियों के लिए वि.अ.आ. द्वारा निर्धारित ए0पी0आई0 प्राप्ताँक प्रणाली आधारित पी0बी0ए0एस0 पद्धति के अनुसार अर्हता की अन्य शर्तों के अध्यधीन 9000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ 37400–67000 रुपये के वेतन बैंड में उन्नति करेंगे ।

(iv) 7000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ पुस्तकालय विज्ञान में पीएच0डी0 की डिग्री अर्जित नहीं किए हुए विश्वविद्यालयों में सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान) तथा कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान) परंतु जो इन विनियिमों में सी0ए0एस0 पदोन्नति के लिए वि.अ.आ. द्वारा विहित अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं वे 8000 रु. की ए0जी0पी0 में उन्नति के पात्र होंगे ।

(v) उप पुस्तकालयाध्यक्ष/सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन ग्रेड)/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन ग्रेड) के पदधारी, जिन्होंने 1 जनवरी, 2006 को संशोधन पूर्व 12000–18300 रु. के वेतनमान में तीन वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली थी उन्हें 9000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ 37400–67000 रु. के वेतन बैंड में उपयुक्त स्तर पर निर्धारित किया जाएगा । उनका पदनाम उप पुस्तकालयाध्यक्ष/सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन ग्रेड)/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन ग्रेड) ही रहेगा ।

(vi) उप पुस्तकालयाध्यक्ष/सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन ग्रेड)/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन ग्रेड) के पदधारी जिन्होंने 12000–18300 रु. के संशोधन पूर्व वेतनमान में तीन वर्ष की अपेक्षित सेवा पूर्ण नहीं की है जिससे वे 37400–67000 रु. के उच्च वेतन बैंड के पात्र नहीं हो पाएँ है, उन्हें 8000 रु. की अकादमिक ग्रेड वेतन के साथ उपयुक्त स्तर पर रखा जाएगा । जब तक कि वे उप पुस्तकालयाध्यक्ष/सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन ग्रेड)/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन ग्रेड) के रूप में तीन वर्ष की सेवा पूर्ण नहीं कर लेते हैं ।

(vii) सीधी भर्ती के तहत नियुक्त किए गए उप पुस्तकालयाध्यक्ष को प्रारंभ में 8000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ 15600–39100 रु. के वेतन बैंड में निर्धारित किया जाएगा । 8000 रु. की ए0जी0पी0 में तीन वर्ष की सेवा

पूर्ण करने पर वे 9000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ 37400–67000 रु. के वेतन बैंड में चले जायेंगे ।

(viii) इन विनियमों में वि.अ.आ. द्वारा विहित पात्रता की शर्तें तथा अकादमिक योग्यता, को उप पुस्तकालयाध्यक्ष के पद पर सीधी भर्ती के लिए अंगीकार किया जाएगा ।

6.4 पुस्तकालयाध्यक्ष (विश्वविद्यालय)

(i) पुस्तकालयाध्यक्ष का पद 10,000 रु. के अकादमिक वेतन के साथ 37400–67000 रु. के वेतन बैंड में होगा ।

(ii) इन विनियमों में वि.अ.आ. द्वारा विहित पात्रता की शर्तें तथा अकादमिक अर्हता को पुस्तकालयाध्यक्ष (विश्वविद्यालय) के पद पर नियुक्ति हेतु अंगीकार किया जाएगा ।

(iii) 9000 रु. की ए0जी0पी0 में तीन वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाला उप पुस्तकालयाध्यक्ष साथ ही पीएच0डी0 डिग्रीधारक, जो इन विनियमों में विकसित ए0पी0आई0 प्राप्ताँक प्रणाली तथा पी0बी0ए0एस0 पद्धति के अनुसार अन्यथा योग्य हो, वह खुली भर्ती के माध्यम से पुस्तकालयाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने का पात्र है ।

(iv) पदधारी पुस्तकालयाध्यक्ष (विश्वविद्यालय) को परिशिष्ट–दो में उपलब्ध कराए गए 'वेतन–निर्धारण' सूत्र के अनुसार 10,000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ 37400–67000 रु. के वेतन बैंड में उपयुक्त स्तर पर रखा जाएगा ।

7.0 **शारीरिक शिक्षा तथा खेलकूद संवर्गों के लिए वेतनमान तथा वृत्ति उन्नति योजनाएँ**

7.1 **शारीरिक शिक्षा तथा खेलकूद सहायक निदेशक (सहायक डी0पी0ई0 एण्ड एस0) शारीरिक शिक्षा तथा खेलकूद का कॉलेज निदेशक (कॉलेज डी0पी0ई0 एण्ड एस0):**

(i) संशोधन पूर्व के 8000–13500 रु. के वेतनमान में शारीरिक शिक्षा तथा खेलकूद सहायक निदेशक/कालेज डी0पी0ई0 एण्ड एस0 को 6000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ 15600–39100 रु. के वेतन बैंड में रखा जाएगा ।

(ii) शारीरिक शिक्षा तथा खेलकूद सहायक निदेशकों/ कॉलेज डी0पी0ई0 एण्ड एस0 पदधारियों के वेतन को परिशिष्ट दो में दिए 'वेतन निर्धारण' सूत्र के अनुसार 6000 रु. की ए0जी0पी0 के साथ 15600–39100 रु. के वेतन बैंड में उपयुक्त स्टेज पर निर्धारित किया जाएगा ।

(iii) इन विनियमों में वि.अ.आ. द्वारा निर्धारित सभी पात्रता की शर्तें तथा अकादमिक योग्यताएँ शारीरिक शिक्षा तथा खेलकूद के सहायक निदेशक/कॉलेज डी0पी0ई0 एण्ड एस0 की सीधी भर्ती पर भी लागू होंगी ।

7.2 **सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद (वरिष्ठ वेतनमान/महाविद्यालय DPE&S (वरिष्ठ वेतनमान) :**

(i) सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद (वरिष्ठ वेतनमान/महाविद्यालय DPE&S (वरिष्ठ वेतनमान) 10,000 रु.– 15,200रु. के पूर्व संशोधित वेतनमान को 15,600 रु.–39,100 रु.. के वेतनमान में 7000 रु. के AGP सहित रखा जाएगाँ

(ii) सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद DPE&S जो कि सहायक DPE&S/महाविद्यालय DPE&S 6,000 रु. के AGP में प्रवेश स्तर शारीरिक शिक्षा में पी. एच.डी., 6,000 रु. के AGP में चार वर्ष की सेवा पूरी करने के पश्चात, एवं इन विनिमयों के अंतर्गत कैस (CAS) पदोन्नति हेतु यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित API स्कोरिंग पद्धति तथा PBAS

पद्धति के अनुसार यदि वे अन्यथा पात्र है, उन्हें 15,600 रु.–39,100 रु. के वेतनमान में 7000 रु. के उच्च AGP के अन्तर्गत रखा जाएगाँ

(iii) सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद DPE&S जो कि सहायक DPE&/ महाविद्यालय DPE&S 6000रु. के AGP में प्रारंभिकस्तर पर शारीरिक शिक्षा में एम. फिल. AGP 6000 रु. में 5 वर्ष की सेवा पूरी कर लेने के पश्चात्, इन विनियमों के अंतर्गत कैस उन्नति हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित API स्कोरिंग पद्धति तथा PBAS पद्धति की संपुष्टि करते हुए उन्हें 7000 रु. की उच्च AGP के अन्तर्गत जायेगाँ

(iv) सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद DPE&S संबंधित पीएच0डी0 एवं एम.फिल. के बगैर 6000 रु. AGP में सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद/कालेज DPE&S के रूप में 6 वर्ष की सेवा पूरी होने के पश्चात यदि वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित API स्कोरिंग प्रणाली तथा PBAS पद्धति के अनुसार पात्र हैं, उन्हें इन विनियमों में CAS उन्नति हेतु AGP 7000 रु. के अन्तर्गत रखा जायेगा ।

(v) पदस्थ सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद का वेतन (वरिष्ठ वेतनमान/कालेज DPE&S वरिष्ठ वेतनमान) को परिशिष्ट में दर्शाये गये 'नियतन फार्मूला' के अनुसार AGP 7000 रु. में उपयुक्त स्तर पर वेतन बैंड 15,600 रु. 39,100 रु. में नियत किया जायेगाँ

7.3 उपनिदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं, खेलकूद/सहायक शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद (चयन ग्रेड/महाविद्यालय निदेशक शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद (चयन ग्रेड वेतन समूह

(i) 15,600 रु.–39,100 रु. AGP 7000 रु. सहित 5 वर्ष की सेवाएँ पूरी करने के पश्चात तथा जो कि इन यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित विनियमों API स्कोरिंग पद्धति तथा PBASपद्धति की संपुष्टि हो जाने पर, सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद

(वरिष्ठ वेतनमान/महाविद्यालय DPE&S (वरिष्ठ वेतनमान) को 15,600 रु.–39,100 रु. AGP 8000 रु. सहित, के वेतनबैंड समूह के अन्तर्गत रखा जाएगाँ उन्हें मामलानुसार, उप–निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद/सहायक DPE&S (चयन ग्रेड)/महाविद्यालय DPE&S (चयन ग्रेड) पर नियुक्त किया जाएगा।

(ii) वेतन बैंड 15,600 रु.–39,000 रु. तथा AGP 8,000 रु. सहित, में, 3 वर्ष की सेवा पूरी कर लेने के पश्चात् तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित विनियमों में AGP/स्कोरिंग प्रणाली की तथा PBAS की संपुष्टि हो जाने पर उप DPE&S सहायक DPE&S (चयन ग्रेड), कालेज DPE&S (चयन ग्रेड) को 37,400 रु. –67,000 रु., AGP 9,000 रु. सहित, के अन्तर्गत भेज दिया जाएगा वे अपने पदों DPE&S, सहायक DPE&S (चयन ग्रेड), कालेज DPE&S (चयन ग्रेड) पर बने रहेंगे।

(iii) उप DPE&S/सहायक DPE&S (चयन ग्रेड), कालेज DPE&S (चयन ग्रेड) पर सभी पदस्थ जिन्होंने 12,000 रु., 18,300 रु. के असंशोधित वेतनमान में दिनांक 01–01–2006 को कम से कम 3 वर्ष की सेवा पूरी कर ली है, वे वेतन बैंड 37,400 रु.–67,000 रु., AGP 9000 रु. सहित, के अंतर्गत पात्र समझे जाएँगे।

(iv) उप DPE&S/ सहायक DPE&S (चयन ग्रेड), कालेज DPE&S (चयन ग्रेड) के पद पर सभी पदस्थ जिनकी सेवाएँ 12,000 रु.–18,300 रु. के असंशोधित वेतनमान के अन्तर्गत 3 वर्ष से कम हों, जो उन्हें उच्च वेतन बैंड की पात्रता प्रदान कर सकती थीं, उन्हें उप DPE&S/ सहायक DPE&S (चयन ग्रेड), कालेज DPE&S (चयन ग्रेड) के पद पर असंशोधित वेतनमान में उनकी 3 वर्ष की अपेक्षित सेवा पूरी होने तक 15,600 रु. 39,000 रु. के वेतन बैंड, AGP 8000 रु. सहित, के अन्तर्गत रखा जायेगाँ

(v) प्रत्यक्ष भर्ती किए गए उप DPE&S का वेतन प्रारंभ में 15,600 रु. 39,100 रु. के वेतन बैंड में AGP 8,000 रु. सहित निश्चित किया जाएगा तथा 3 वर्ष की सेवा पूरी कर

लेने के पश्चात उन्हें वेतन बैंड 37,400 रु.–67,000 रु. AGP 9,000 रु. सहित के अन्तर्गत रखा जाएगाँ

7.4 विश्वविद्यालयों में निदेशक, शारीरिक शिक्षा तथा खेलकूद का पद

(i) विश्वविद्यालयों में निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद का पद, वेतन बैंड 37,400 रु.–67,000 रु. AGP 10,000 रु. सहित, के अन्तर्गत होगा।

(ii) निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद (विश्वविद्यालय) का पद प्रत्यक्ष भर्ती के माध्यम से जाएगा तथा मौजूदा पात्रता शर्तें अर्थात् न्यूनतम योग्यता, संबंधित अनुभव के वर्ष तथा इन विनियमों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित अन्य शर्तें, भर्ती की पात्रता समझी जाएँगी।

(iii) पदस्थ का वेतन, परिशिष्ट–(ii) में दर्शाये गए नियतन फार्मूले के अनुसार वेतन बैंड 37,400 रु.–67,000 रु. के उपयुक्त स्तर पर तय किया जाएगाँ

8.0 विश्वविद्यालयों के सम उप–कुलपति/कुलपति के वेतनमान

8.1 सम उप–कुलपति :

8.1.1 पूर्व उप–कुलपति के पद का वेतन बैंड 37,400 रु.–67,000 रु., 10,000 रु. या 12,000 रु. AGP सहित, जैसा भी मामला हो, 4000 रु. प्रतिमाह के विशेष भत्ते सहित इस शर्त पर होगा कि इस वेतन बैंड में कुल वेतन, अकादमिक ग्रेड वेतन तथा विशेष भत्ता मिलाकर 80,000 रु. से अधिक नहीं होगा।

8.2 उप–कुलपति :

8.2.1 उप–कुलपति के पद पर 5,000 रु. विशेष वेतन सहित 75,000 रु. प्रतिमाह नियत होगा। उप–कुलपति हेतु अन्य सभी अर्हताएँ एवं सुविधाएँ, वेतन के अतिरिक्त अनुप्रयोज्य होंगी जैसा कि संबंधित विश्वविद्यालय के अधिनियम/सांविधि में दर्शाया गया है।

9.0 पी.एच.डी./एम.फिल. तथा अन्य उच्च योग्यता हेतु दिनांक 01.09.2008 से लागू प्रोत्साहन राशि

9.1 पीएच0डी0 की डिग्री प्राप्त व्यक्ति को सहायक प्रोफेसर के रूप में भर्ती के प्रारंभिकस्तर पर 5 मिश्रित अग्रिम वेतनवृद्धियाँ प्रदान की जाएँगी, बशर्ते, आयोग द्वारा निर्धारित दाखिला, पंजीकरण, पाठ्यक्रम कार्य तथा बाह्य मूल्याँकन प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा संबंधित विषय में प्रदान की गई हो।

9.2 एम.फिल. डिग्री प्राप्त व्यक्ति, सहायक प्रोफेसर के पद पर भर्ती के समय 2 गैर मिश्रित अग्रिम वेतनवृद्धियों के हकदार होंगे ।

9.3 एल.एल.एम./एम.टेक/एम.आर्क./एम.ई./एम.वी.एस.सी./एम.डी. आदि संबद्ध सांविधि निकाय/परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त व्यक्ति भी प्रारंभिक स्तर पर 2 गैर मिश्रित अग्रिम वेतनवृद्धियों के हकदार होंगे।

9.4(i) शिक्षक, जिन्होंने सेवा में रहते हुए अपनी पीएच0डी0 पूरी कर ली हो यदि रोजगार संबंधी विषय में उसे यह पीएच0डी0 डिग्री उनके नामाँकन, पाठ्यक्रम कार्य, मूल्याँकन आदि के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए प्रदान की गई है, वह 3 गैर मिश्रित वेतन वृद्धियों के हकदार होंगे।

(ii) वैसे, सेवारत शिक्षक, जिन्होंने इन विनियमों के लागू होने तक विश्वविद्यालय में पीएच0डी0 हेतु नामाँकन करा लिया हो तथा पाठ्यक्रम एवं मूल्याँकन या केवल अधिसूचना ही पीएच0डी0 प्रदान करने के संबंध में प्रतीक्षित है, वे 3 गैर मिश्रित वेतनवृद्धियों के हकदार होंगे, उस स्थिति में भी, यदि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली डिग्री की अधिसूचना आयोग को अब तक नहीं दी गई है तथा आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुपालित की जा चुकी है।

9.5 प्रत्येक उस मामले में, जिसमें शिक्षक जिसका पीएच0डी0 में पहले ही नामाँकन हो चुका है वह केवल उसी स्थिति में 3 गैर मिश्रित वेतनवृद्धियों का लाभ प्राप्त करेंगे जब विश्वविद्यालय द्वारा पीएच0डी0 प्रदान करने की अधिसूचना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दी जा चुकी हो जिसके अंतर्गत पाठ्यक्रम या मूल्याँकन या दोनों के संबंध में पीएच0डी0 प्रदान करने हेतु आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुपालित की जा चुकी हो; जैसा भी मामला हो ।

9.6 सेवारत शिक्षक, जिन्होंने अब तक पीएच0डी0 के लिए नामाँकन नहीं कराया है, सेवा में बने रहने तक, पीएच0डी0 प्राप्त होने पर, 3 गैर मिश्रित वेतनवृद्धियों का लाभ उठा सकते हैं, बशर्ते, यदि उसका नामाँकन उस विश्वविद्यालय में है जिसने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित नामाँकन सहित पूरी प्रक्रिया का अनुपालन किया हो।

9.7 शिक्षक, जिन्होंने एम.फिल. डिग्री प्राप्त की हो या सेवा में रहते हुए संबंधित संविधि निकाय/परिषद् द्वारा किसी मान्यता प्राप्त व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की हो।

9.8 सहायक लाइब्रेरियन/कालेज लाइब्रेरियन जो उस विश्वविद्यालय से लाइब्रेरी साइंस विषय में पीएच0डी0 डिग्री के प्रारंभिक स्तर पर भर्ती हुए हैं, जिन्होंने लाइब्रेरी साइंस में पीएच0डी0 प्राप्त करने के लिए नामाँकन पाठ्यक्रम कार्य, मूल्याँकन प्रक्रिया के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन किया हो, 5 गैरमिश्रित अग्रिम वेतनवृद्धियों के हकदार होंगें।

9.8.1(i) सहायक लाइब्रेरियन/ कालेज लाइब्रेरियन जिन्होंने सेवा में रहते हुए किसी भी समय उस विश्वविद्यालय से लाइब्रेरी साइंस में पीएच0डी0 की डिग्री प्राप्त की हो तथा नामाँकन, पाठ्यक्रम कार्य तथा मूल्याँकन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन किया हो, 3 गैर मिश्रित अग्रिम वेतनवृद्धियों कें हकदार होंगे।

(ii) यद्यपि, सहायक लाइब्रेरियन/कालेज लाइब्रेरियन या उच्च पदाधिकारी जिन्हें विनियमों के लागू होने के समय पीएच0डी0 प्रदान की जा चुकी हो या पाठ्यक्रम कार्य तथा मूल्याँकन यदि कोई है, पूरा हो चुका हो तथा पीएच0डी0 प्रदान करने से संबंधित केवल अधिसूचना प्रतीक्षित है; वह भी 3 गैर मिश्रित वेतनवृद्धियों के हकदार होंगे। उस स्थिति में भी, जब आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पीएच0डी0 प्रदाता विश्वविद्यालय को अभी तक अधिसूचित नहीं किया गया है।

9.8.2 सहायक लाइब्रेरियन/कालेज लाइब्रेरियन या उच्च पदाधिकारी जिनका पहले ही पीएच0डी0 में नामाँकन हो चुका है, वे केवल उसी स्थिति में 3 गैर मिश्रित वेतनवृद्धियों का लाभ प्राप्त कर सकते हैं, यदि, पीएच0डी0 प्रदाता विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पाठ्यक्रम कार्य या मूल्याँकन या दोनों, जैसा भी मामला हो , के संबंध में पीएच0डी0 प्रदान करने हेतु आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुपालन की अधिसूचना दी जा चुकी हो।

9.8.3 सहायक लाइब्रेरियन/कालेज लाइब्रेरियन तथा लाइब्रेरी के अन्य उच्चाधिकारी जिन्होंने अभी तक पीएच0डी0 हेतु नामाँकन नहीं भरा है, वे सेवा में रहते हुए पीएच0डी0 ही प्राप्त करने पर 3 गैर मिश्रित वेतन वृद्धियों का लाभ उठा सकते हैं, यदि उनका नामाँकन उस विश्वविद्यालय में है जो अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित नामाँकन सहित पूरी प्रक्रिया का अनुपालन करता है।

9.8.4 सहायक लाइब्रेरियन/कालेज लाइब्रेरियन तथा लाइब्रेरी साँइस में एम.फिल. डिग्री हेतु प्रारंभिक स्तर पर दो गैर मिश्रित अग्रिम वेतनवृद्धियाँ स्वीकार्य होंगी। सहायक लाइब्रेरियन/कालेज लाइब्रेरियन तथा लाइब्रेरी साँइस में एम.फिल.डिग्री प्राप्त उच्च पदाधिकारी अपने सेवाकाल के दौरान किसी भी समय एक अग्रिम वेतन वृद्धि के हकदार होंगे।

9.9 शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद के सहायक निदेशक/कालेज निदेशक शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद जिनकी भर्ती प्रारंभिक स्तर पर शारीरिक शिक्षा विषय में पीएच0डी0

डिग्री सहित उस विश्वविद्यालय से हुई है जिन्होंने शारीरिक शिक्षा में पीएच0डी0 प्रदान करने हेतु नामाँकन, पाठ्यक्रम कार्य तथा मूल्याँकन प्रक्रिया संबंधी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन किया हो, 5 गैर मिश्रित अग्रिम वेतनवृद्धियाँ स्वीकार्य होंगी।

9.10 इन सभी नियमों के पूरा किए जाने पर भी, जो पूर्व स्कीमों/विनियमों के अंतर्गत प्रारंभिक स्तर पर पी.एच.डी./एफ.फिल. डिग्री प्राप्ति हेतु अग्रिम वेतनवृद्धियों का लाभ प्राप्त कर चुके हैं, वे इन विनियमों कें अंतर्गत अग्रिम वेतनवृद्धियों के लाभ के हकदार नहीं होंगे।

9.11 शिक्षक, लाइब्रेरी एवं शारीरिक शिक्षा संवर्ग, जो सेवा के दौरान पी.एच.डी./एम.फिल. प्राप्त करने हेतु उस समय मौजूदा नीति अनुसार, वेतनवृद्धियों का पूर्व में ही लाभ प्राप्त कर चुके हैं; वे इन विनियमों के अंतर्गत वेतनवृद्धियों के हकदार नहीं होंगे।

9.12 प्रारंभिक स्तर पर पदों हेतु पूर्व स्कीमों/विनियमों के अंतर्गत पी.एच.डी./एम.फिल. प्राप्त व्यक्तियों हेतु जहाँ कोई भी वेतनवृद्धि स्वीकार्य नहीं थी, अग्रिम वेतनवृद्धियों का लाभ केवल उन्हीं को प्राप्त होगा जिन्हें इन्हीं के आधार पर या इन विनियमों को लागू होने के पश्चात् भर्ती किया गया हो।

10.0 अन्य नियम एवं शर्ते

10.1 वेतनवृद्धियाँ

10.2 प्रत्येक वार्षिक वेतनवृद्धि, संबंधित वेतन बैंड तथा AGP में कुल वेतन के योग के 3 प्रतिशत के बराबर होगा जैसा कि वेतन बैंड में इसके संबंध में अनुप्रयोजनीय है तथा यह गैर मिश्रित होगी।

10.3 प्रत्येक अग्रिम वेतनवृद्धि संबंधित वेतन बैंड में कुल वेतन एवं AGP का 3 प्रतिशत होगा जैसा कि अनुप्रयोजनीय है तथा यह गैर मिश्रित होगा ।

10.4 AGP के प्रत्येक उच्च स्तर पर भर्ती, पर अतिरिक्त वेतनवृद्धियाँ निम्न वेतनवृद्धि की मौजूदा स्कीमौं/विनियमों के अनुसार होंगी जो कि निम्न से उच्च वेतनमान में लागू

पदोन्नति के वेतन बैंड़ दो वेतन बैंडों के प्रभावी वेतन में अधिक बढ़ोत्तरी को ध्यान में रखते हुए की जाएगी। वेतन बैंड 15,600 रु. –39.100 रु. से वेतन बैंड 37,400 रु. 67,000 हजार रु. में जाने पर कोई अतिरिक्त वेतनवृद्धि प्रदान नहीं की जाएगी।

10.5 विश्वविद्यालय प्रणाली में इंजीनियरिंग/तकनीकी पाठ्यक्रमों को पढ़ाने में संलिप्त शिक्षकों को अग्रिम वेतनवृद्धियाँ प्रदान करने संबंधी सभी मामले उस समिति की सिफारिशों के आधार पर होंगे जिसे तकनीकी शिक्षा में शिक्षकों की वेतन समीक्षा हेतु केन्द्र सरकार द्वारा अलग से गठित किया गया है।

11.0 **भत्ते:**

11.1 अवकाश यात्रा रियायत, विशेष मुआवजा भत्ते, बालकों का शिक्षा भत्ता, परिवहन भत्ता, गृह–किराया भत्ता, प्रतिनियुक्ति भत्ता, यात्रा भत्ता, महंगाई भत्ता स्थान आधारित विशेष मुआवजा भत्ता आदि भत्ते जो कि शिक्षकों, लाइब्रेरी तथा शारीरिक शिक्षा संवर्गों के लिए अनुप्रयोजनीय हैं, वे केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के समान होंगे।

परिशिष्ट

परिशिष्ट I	विश्वविद्यालयों तथा कालेजों में शिक्षकों एवं समान संवर्गों के वेतन संशोधन संबंधी स्कीम छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर, केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के वेतनमानों का अनुपालन करते हुएँ (पत्रसं.सं 1–32 /2008–U.II/U.I (1) भारत सरकार मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय,उच्च शिक्षा विभाग, नई दिल्ली, दिनांक 31 दिसम्बर, 2008	
परिशिष्ट ii	फिटमेंट टेबल्स (टेबल नं 1 से 9) मौजूदा पदस्थों के वेतन नियतन हेतु, जो दिनॉक 01–01–2006 को विभिन्न पदों पर आसीन थे जैसा कि तालिकाओं में दर्शाया गया है। (पत्र सं. एफ. 3–1/2009, U.I भारत सरकार, मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय (उच्च शिक्षा विभाग) (दिनांक 4 जून, 2009)	
परिशिष्ट iii **(तालिका I-IX)**	कार्य निष्पादन आधारित मूल्याँकन स्कीम (PBAS) एवं वार्षिक कार्य– निष्पादन प्रतिदर्श (APIS) वृत्ति (कैरियर) उन्नति योजना के तहत प्रत्यक्ष भर्ती एवं पदोन्नति तालिका I-IV–विश्वविद्यालयों तथा कालेज के शिक्षकों हेतु तालिका V-VIII–सहायक निदेशक /उप–निदेशक/ निदेशक शारीरिक शिक्षा संवर्ग आदि हेतु तालिका IX-XII–सहायक लाइब्रेरियन, उप–लाइब्रेरियन, लाइब्रेरियन आदि हेतु	

परिशिष्ट– I

मानव संसाधन तथा विकास मंत्रालय,

उच्च शिक्षा विभाग,

नई दिल्ली, दिनांक 31 दिसम्बर, 2008

सेवा में,

सचिव,.

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग,

बहादुरशाह जफर मार्ग,

नई दिल्ली –110002

विषय : छठे केन्द्रीय वेतन आयोग के सुझावों पर केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के वेतनमानों में संशोधन के अनुपालन में विश्वविद्यालयों एवं कालेजों में प्रत्येक एवं समान संवर्गों के वेतन में संशोधन संबंधी स्कीम।

महोदय,

सं. 1–32/2006–U.II/U.I (1)

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा की गई सिफारिशों पर विचार करने के पश्चात् जो केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के वेतनमान में संशोधन करने की लिए दिनांक 7–8 अक्तूबर 2008, को हुई आयोग की बैठक में लिये गए निर्णयों पर आधारित थी, भारत सरकार ने केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के वेतन में संशोधन करने का निर्णय लिया है। शिक्षकों के वेतनमान में संशोधन संबंधी स्कीम के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत किया जाएगा, जैसा कि इस पत्र में दर्शाया गया है तथा नीचे दी गई स्कीम के अनुसार इस संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निश्चित किये

गए विनियमों के अनुसार होगा । संशोधित वेतनमान तथा स्कीम के अन्य प्रावधान निम्नवत हैं :

(1) <u>सामान्य</u>

(i) विश्वविद्यालयों एवं कालेजों में शिक्षकों से संबंधित केवल 3 पद होंगे अर्थात् सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर तथा प्रोफेसर। तथापि, पुस्तकालय तथा शारीरिक शिक्षा कार्मिकों के विभिन्न स्तरों पर वर्तमान पदनाम में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

(ii) कोई भी व्यक्ति, प्रोफेसर के रूप में नियुक्त, पदोन्नत या पदनामित होने का पात्र नहीं होगा जब तक कि वह पीएच0डी0 की डिग्री प्राप्त न हो तथा अन्य अकादमिक शर्तों की संपुष्टि न करता हो जो कि समय–समय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित की गई हैं। वैसे, इसका प्रभाव उन पर नहीं होगा जो पहले से ही प्रोफेसर के पद पर हैं।

(iii) विश्वविद्यालय एवं कालेजों में शिक्षकों एवं समान पदों का वेतन, उनके पदनामों के अनुसार दो वेतन बैंड 15,600 रु.–39,000 रु. तथा 37,400 रू .67,000 रु. उचित अकादमिक ग्रेड पे (संक्षेप में AGP) सहित नियत किया जाएगा। प्रत्येक वेतन बैंड का AGP भिन्न होगा जो यह सुनिश्चित करेगा कि शिक्षक एवं अन्य समान संवर्ग, जो इस स्कीम के अंतर्गत् शामिल किए गए हैं, पात्रता की अन्य शर्तें पूरी करने पर अपने कैरियर के दौरान अपना स्तर ऊँचा उठाने के बहुतायत अवसर प्राप्त कर सकेगा।

(iv) प्रोफेसरों के पद, स्नातक पूर्व कालेजों के अलावा स्नातकोत्तर कालेजों में भी सृजित किए जाएँगे। स्नातक पूर्व कालेज में प्रोफेसरों की संख्या, कालेजों में सहायक प्रोफेसरों के पदों की संख्या की 10 प्रतिशत होगी। कालेज में विभागों की संख्या के अनुसार प्रत्येक स्नातकोत्तर कालेज में प्रोफेसर के कई पद होते हैं। स्नातक पूर्व

या स्नातकोत्तर कालेजों में किसी भी नए विभाग का सृजन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अनुमोदन के बगैर नहीं किया जाएगा।

(v) विश्वविद्यालयों में प्रोफेसरों के 10 प्रतिशत तक पद, उच्च अकादमिक ग्रेड वेतन 12,000 रु. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित शर्तों सहित होंगे।

(vi) राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (NET) सहायक प्रोफेसर के प्रारंभिक स्तर पर नियुक्ति के लिए अनिवार्य होगी। उन पी.एच.डी.डिग्री प्राप्त व्यक्तियों के लिए इसमें छूट होगी जिन्होंने इसे पंजीकरण, पाठ्यक्रम कार्य तथा बाह्य मूल्याँकन के जरिए प्राप्त किया है, जैसा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियमों के जरिये इसे निर्धारित किया गया है तथा विश्वविद्यालय द्वारा अपनाया गया है। NET ऐसे निष्णात कार्यक्रमों के लिए अनिवार्य नहीं है जिन विषयों के लिए नेट की परीक्षा संचालित नहीं की जाती।

2. **संशोधित वेतनमान, सेवा शर्तें तथा कैरियर उन्नति योजना, शिक्षकों तथा समान पदों हेतु :**

शिक्षकों की विभिन्न श्रेणियों तथा समान पदों हेतु वेतन का स्वरूप नीचे दर्शाये अनुसार होगा :

(क) **कालेजों एवं विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर /प्रोफेसर**

(i) कालेजों एवं विश्वविद्यालयों में शिक्षण व्यवसाय प्रारंभ करने वाले व्यक्तियों को सहायक प्रोफेसर के रूप में पदनामित किया जाएगा तथा वेतन बैंड 15,600 रु. 39,100 रु. AGP 6000 रु. सहित, के अंतर्गत रखा जायेगा। पूर्व संशोधित वेतनमान 8000–13,500 रु. के अंतर्गत पूर्व में ही सेवा में रहने वाले लेक्चरार, सहायक प्रोफेसर के रूप में कथित AGP 6000 रु. सहित पुनःपदनामित किए जाएँगे।

(ii) सहायक प्रोफेसर, 4 वर्ष की सेवा पूरी कर लेने पर, संबंधित विषय में पीएच0डी0 डिग्री प्राप्त, AGP 7000 रु. के अन्तर्गत अंतरित किए जाने के पात्र होंगे।

(iii) एल.एल.एम./एम.टेक. आदि जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में एम.फिल. डिग्री या स्नातकोत्तर डिग्री संबंधित साँविधि निकाय द्वारा अनुमोदन प्राप्त सहायक प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर के रूप में 5 वर्ष की सेवाएँ पूरी कर लेने के पश्चात AGP 7000 रु. हेतु पात्र होंगे।

(iv) सहायक प्रोफ़ेसर जिनके पास संबंधित व्यावसायिक पाठ्यक्रम में पी.एच.डी./एम. फिल. या निष्णात डिग्री नहीं है। वे केवल सहायक प्रोफेसर के पद के रूप में 6 वर्ष की सेवा पूरी कर लेने के पश्चात् ही AGP 7000 रु. के पात्र होंगे।

(v) सभी सहायक प्रोफेसर हेतु AGP 6000 रु. से AGP 7000 रु. में तभी बढ़ोत्तरी होगी जब वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित शर्तों को पूरा करते हों।

(vi) लेक्चरार (वरिष्ठ वेतनमान) के पदों पर पदस्थों का वेतन (10,000 रु. 15,200 रु. का असंशोधित वेतनमान) को सहायक प्रोफेसर के रूप में पुनः पदनामित किया जाएगा तथा उनके वर्तमान वेतन पर आधारित वेतन बैड 15,600 रु.– 39,000 रु., AGP 7000 रु. सहित उपयुक्त स्तर पर नियत किया जाएगा।

(vii) 5 वर्ष की सेवा, AGP 7000 रु. सहित 5 वर्ष की सेवा पूरी कर लेने के पश्चात सहायक प्रोफेसर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित अन्य अपेक्षाओं को पूरा करने के पश्चात AGP 8000 रु. के अंतर्गत जाने के पात्र होंगे ।

(viii) सह प्रोफेसर(एसोसिएट प्रोफेसर) को 9000/– रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 37400–67000 रु. के वेतन बैंड में रखा जाएगा । सीधे भर्ती किए गए सह–प्रोफेसर को नियुक्ति की शर्तों के अनुसार वेतन बैंड में उचित स्तर पर 9000/–रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 37400–67000/रु. के वेतन बैंड में रखा जाएगा ।

(ix) पदधारी रीडर और प्रवक्ता (चयन वेतनमान) जिन्होंने 1.1.2006 तक वर्तमान 12000–18300/–रु. के वेतनमान में तीन वर्ष की सेवा पूरी कर ली है उन्हें

9000 /–रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 37400–67000/रु. के वेतन बैंड में रखा जाएगा और सह–प्रोफेसर(एसोसिएट प्रोफेसर) के रूप में पुनः–पदनामित किए जाएँगे ।

(x) पदधारी रीडर और प्रवक्ता (चयन वेतनमान) जिन्होंने 1.1.2006 को 12000–18300/–रु. के वेतनमान में तीन वर्ष पूरे नहीं किए थे, को प्रवक्ता (चयन वेतनमान/रीडर के ग्रेड में 3 वर्ष की सेवा पूरी करने तक 8000/–रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 15600–39100/–रु. के वेतन बैंड में उचित स्तर पर रखा जाएगा और इसके पश्चात् उन्हें 37400–67000/रु. के उच्च वेतन बैंड में रखा जाएगा और तदनुसार सह–प्रोफेसर के रूप में पुनः–पदनामित किए जाएँगे ।

(xi) सेवा में कार्यरत वर्तमान रीडर/प्रवक्ताओं (चयन वेतनमान) को जब तक उन्हें 37400–67000/रु. के वेतन बैंड में नहीं रखा जाता और उपर्युक्त (दस) में बताई गई प्रक्रियाके अनुसार सह–प्रोफेसर(एसोसिएट प्रोफेसर) के रूप में पुनः–पदनामित नहीं किया जाता, प्रवक्ता (चयन वेतनमान) अथवा रीडर, जैसी भी स्थिति हो, पदनाम जारी रहेगा ।

(xii) सहायक प्रोफेसर(असिस्टेंट प्रोफेसर) को 8000/– रु. के शैक्षिक ग्रेड वेतन में 3 वर्षों की शैक्षिक सेवा पूरी करने के पश्चात् 9000/– रु. के शैक्षिक ग्रेड वेतन के साथ 37400–67000/रु. के वेतन बैंड में रखा जाएगा और सह–प्रोफेसर(एसोसिएट प्रोफेसर) के रूप में पदनामित किए जाएँगे, बशर्ते वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अन्य शर्तों को पूरा करता हो ।

(xiii) 9000/– रु. के शैक्षिक ग्रेड वेतन में तीन वर्षों की सेवा पूरी करने वाले और संगत विषय में पीएच0डी0 डिग्री धारक सह–प्रोफेसर(एसोसिएट प्रोफेसर) के रूप में नियुक्त और पदनामित किए जाने के पात्र होंगे बशर्ते, वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अन्य शैक्षणिक निष्पादन, यदि कोई हो, तो पूरा करता हो । कोई अन्य शिक्षक जिसके पास पीएच0डी0 की डिग्री है को, प्रोफेसर के रूप में पदोन्नत, नियुक्त अथवा मनोनीत नहीं किया जाएगा । प्रोफेसरों

के पद का वेतन बैंड 37400–67000/रु. और शैक्षणिक ग्रेड वेतन 10000/–रु. होगा ।

(xiv) सीधे भर्ती किए गए प्रोफेसर का वेतन 37400–67000/रु. के वेतन बैंड में 43000/– रु. से कम निर्धारित नहीं किया जाएगा और 10000/रु. शैक्षणिक ग्रेड वेतन लागू होगा ।

(xv) विश्वविद्यालय में 12000/– रु. के उच्च शैक्षणिक ग्रेड वेतन में प्रोफेसर के दस प्रतिशत पद होंगे पदों पर नियुक्त किए गए शिक्षक प्राफेसर के रूप में पदनामित होंगे । उच्च शैक्षणिक ग्रेड वेतन में प्रोफेसर की नियुक्ति हेतु पात्रता में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा यथा–निर्धारित और अन्य बातों के साथ–साथ ऐसी पात्र शर्तें जिनमें उत्कृष्ट समीक्षा/संदर्भित शोध पत्रिकाओं में प्रकाशन प्रोफेसर के रूप में 10 वर्षों का अध्यापन अनुभव और उच्च स्तर का डॉक्टरेट–उपरांत कार्य शामिल है, के आधार पर होगी । 17000/रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन में प्रोफेसर के रूप में सीधे भर्ती किए गए व्यक्ति का वेतन शैक्षणिक ग्रेड वेतन सहित न्यूनतम 48000/–रु. पर निर्धारित किया जाएगा ।

(xvi) सह–प्रोफेसरों (एसोसिएट प्रोफेसरों) और प्रोफेसरों के स्तर पर सीधी भर्ती हेतु शैक्षिक और शोध आवश्यकताओं के संबंध में पात्र शर्तें वि.अ.आ. और विश्वविद्यालय द्वारा यथा निर्धारित नियमन के माध्यम से निर्धारित की जाएंगी ।

(xvii) पेशे में प्रवेश करने वाले उन सह–प्रोफेसर(एसोसिएट प्रोफेसर) प्रोफेसर जिन्हें उच्च योग्यता, शोध प्रकाशनों में अधिक अंक और उचित स्तर पर अनुभव है, को अग्रिम वेतन वृद्धि दिए जाने का विवेकाधिकार, प्रत्येक मामले के योग्यता के संदर्भ में प्रत्येक उम्मीदवार के साथ बातचीत करते समय संकाय में अन्य शिक्षकों के वेतन ढाँचे और अन्य कारकों को ध्यान में रखते हुए संबंधित विश्वविद्यालय अथवा भर्ती संस्थान के उचित प्राधिकार की साक्षगता के अधीन होगा ।

(ख) स्नातक–पूर्व और स्नातकोत्तर कॉलेजों में प्राफेसर

(xviii) स्नातक–पूर्व कॉलेज में सह–प्रोफेसर(एसोसिएट प्रोफेसर) के स्वीकृत पदों की संख्या का 10 प्रतिशत प्रोफेसर होंगे और उनके चयन/नियुक्ति के मानदंड विश्वविद्यालयों में प्रोफेसरों की नियुक्ति जैसे ही होंगे बशर्ते कि प्रत्येक विभाग में प्रोफेसर का एक से अधिक पद नहीं होगा इसके अतिरिक्त बशर्ते यह कि स्नातक–पूर्व कॉलेजों में प्रोफेसरों के पदों का एक चौथाई (25 प्रतिशत) सीधी भर्ती अथवा पात्र शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति से भरी जाएँगी और प्रोफेसरों के शेष तीन चौथाई (75 प्रतिशत) पद अंडर ग्रेजुएट कॉलेजों से संबधित विभागों के पात्र सह–आचार्यों/एसोसिएट प्रोफेसरों से योग्यता पदोन्नति से भरे जाएँगे । सीधी भर्ती/पदोन्नति के माध्यम से स्नातक–पूर्व कॉलेजों में प्रोफेसरों के भरे जाने वाले पदों की पहचान करने की सक्षमता कॉलेजों के साथ परामर्श करके विश्वविद्यालय के अधीन होगी । योग्यता पदोन्नति अथवा सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति के लिए प्रोफेसर के पदों की संख्या का निर्धारण, एसोसिएट प्रोफेसर के पदों की संख्या का प्रतिशत करते समय संख्या पूर्णांक नहीं होने पर उसे अगले उच्च पूर्णांक में परिवर्तित कर दिया जाएगा ।

(xix) प्रत्येक स्नातकोत्तर कॉलेज के प्रत्येक विभाग में प्रोफेसर का एक पद होगा और चयन/नियुक्ति हेतु वही मानदंड होंगे जो विश्वविद्यालय में प्रोफेसरों की नियुक्ति के लिए हैं, बशर्ते कि प्रोफेसरों के पदों के एक चौथाई (25 प्रतिशत) पद पात्र शिक्षकों से प्रतिनियुक्ति/सीधी भर्ती से भरे जाएँगे और शेष तीन चौथाई (75 प्रतिशत) पद स्नातकोत्तर कॉलेज के संबंधित विभगों में पात्र सह–प्रोफेसर(एसोसिएट प्रोफेसरों) में से योग्यता पदोन्नति के आधार पर भरा जाएगा । सीधी भर्ती/पदोन्नति के माध्यम से स्नातकोत्तर कॉलेजों में भरे जाने वाले प्रोफेसरों के पदों की पहचान की सक्षमता कॉलेज के साथ परामर्श कर विश्वविद्यालय के अधीन होगी । जब योग्यता के आधार पर पदोन्नति अथवा सीधी भर्ती /प्रतिनियुक्ति हेतु प्रोफेसरों के पदों की संख्या स्नातकोत्तर कॉलेज में पदों की कुल संख्या का प्रतिशत यदि पूर्णांक नहीं है तो उसे अगले पूर्णांक में परिवर्तित कर दिया जाएगा । कॉलेजों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आरंभ करने के लिए शैक्षणिक अवसंरचना (पुस्तकालय,

शोध सुविधाएँ आदि) के न्यूनतम मानदंडों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग पृथक दिशा–निर्देश जारी करेगा ।

3. विश्वविद्यालयों में सम–कुलपति/कुलपति का वेतनमान

(1) सम–कुलपतिः

सम–कुलपति का पद 10000/– रु. अथवा 12000/– रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ जैसी भी स्थिति हो 37400–67000/रु. के वेतन बैंड में रखा जाएगा, साथ ही प्रतिमाह 4000/– रु. का विशेष भत्ता दिया जाएगा बशर्ते वेतन बैंड में वेतन, शैक्षणिक ग्रेड वेतन और विशेष भत्ता कुल मिलाकर 80,000/– रु. से अधिक न हो ।

(2) कुलपति

कुलपति का पद 75,000/– रु. नियत वेतन पर निर्धारित होगा साथ ही 5000/–रु. प्रतिमाह का विशेष भत्ता दिया जाएगा ।

4. कॉलेजों में प्रधानाचार्यों का वेतनमान

(1) स्नातक–पूर्व कॉलेज में प्रधानाचार्य की नियुक्ति हेतु पात्रता की शर्तें वि.अ.आ. और समय–समय पर, यदि कोई हों तो, विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शैक्षिक योग्यता और शिक्षण/शोध अनुभव के आधार पर की जाएगी । स्नातक–पूर्व कॉलेज में प्रधानाचार्य पद 10000/–रु. शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 37400–67000/रु. के वेतन बैंड में होगा साथ ही प्रतिमाह 2000/–रु. का विशेष भत्ता दिया जाएगा । कार्यरत सभी प्रधानाचार्यों को 10000/– रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ वेतन बैंड में उचित निर्धारण किया जाएगा ।

(2) स्नातकोत्तर कॉलेज में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति हेतु पात्रता की शर्तें वि.अ.आ. और–समय समय पर यदि कोई हों विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शैक्षिक योग्यता और शिक्षण/ शोध अनुभव के आधार पर की जाएगी । स्नातक–पूर्व कॉलेज में प्रधानाचार्य पद 10000/–रु. शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 37400–67000/रु. के वेतन बैंड में होगा साथ ही प्रतिमाह 3000/–रु. का विशेष भत्ता दिया जाएगा ।

सेवा में कार्यरत सभी प्रधानाचार्यों को 10000/– रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ ग्रेड वेतन बैंड में उचित निर्धारण किया जाएगा ।

5. **पुस्तकालयाध्यक्ष हेतु वेतनमान और वृति उन्नति योजनाः**

(क) सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्षः

(1) 8000–13500/–रु. के पूर्व संशोधित वेतनमान में सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष को 6000/– रु. के शैक्षणिक ग्रेड के साथ 15600–39100 के वेतन बैंड में रखा जाएगा ।

(2) सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष की सीधी भर्ती में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित पात्रता और शैक्षणिक योग्यता की सभी मौजूदा शर्तें प्रभावी रहेगी ।

(ख) सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान)

(1) पूर्व संशोधित 10000–15200/–रु. के वेतनमान में सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान)/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान) के पदों को को 7000/– रु. के शैक्षणिक ग्रेड के साथ 15600–39100 के वेतन बैंड में रखा जाएगा ।

(2) प्रवेश स्तर पर पुस्तकालय विज्ञान में पीएच0डी0 धारक सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष को 6000/– रु. की शैक्षणिक ग्रेड वेतन में 4 वर्षों की सेवा पूरी कर ली है और अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार योग्य होने पर 7000/– के उच्च शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 15600–39100 के वेतन बैंड में रखा जाएगा ।

(3) सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष जिनके पास पीएच0डी0 डिग्री नहीं है परन्तु प्रवेश स्तर पर पुस्तकालय विज्ञान में एम0फिल0 डिग्री है और 6000/– के शैक्षणिक ग्रेड वेतन में 5 वर्षों की सेवा पूरी कर ली है अथवा अथवा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार पात्र हैं 7000/– के उच्च उच्च शैक्षणिक ग्रेड वेतन के पात्र होंगे ।

(4) 6000 रु. की शैक्षणिक ग्रेड वेतन में 6 वर्षों की सेवा पूरी करने वाले सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष जिनके पास पीएच0डी0 और एम फिल की डिग्री नहीं है, बशर्ते अन्यथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार पात्र हैं तो उन्हें 7000/–रु. के उच्च उच्च शैक्षणिक ग्रेड वेतन में रखा जाएगा ।

(5) 10000–15000/–रु. के पूर्व संशोधित वेतनमान में मौजूदा सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान)/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान) का वेतन 7000/– रु. के शैक्षणिक ग्रेड के साथ 15600–39100 के वेतन बैंड में निर्धारित किया जाएगा ।

(ग) उप–पुस्तकाालयाध्यक्ष /सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन ग्रेड) कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन ग्रेड)

(1) वर्तमान में सीधे भर्ती किए गए उप–पुस्तकालयाध्यक्ष को भर्ती के समय आरंभ में 8000/– रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के 15600–39100 के वेतन बैंड में रखा जाएगा ।

(2) पाँच वर्ष की सेवा पूरी करने के पश्चात् सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान)/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान) 8000/– रु. शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 15600–39100 के वेतन बैंड में उप–पुस्तकालायाध्यक्ष/समकक्ष पद के पात्र होंगे, बशर्ते वे वि.अ.आ. द्वारा निर्धारित शर्तों (उप–पुस्तकालयध्यक्ष पद हेतु पीएच0डी0 डिग्री अथवा समकक्ष प्रकाशित कार्य आदि) को पूरा करते हों । उप–पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन ग्रेड), जैसी भी स्थिति हो, के रूप में पदनामित किए जाएँगे ।

(3) उप–पुस्तकालयाध्यक्ष और उनके समकक्ष पदों पर पदोन्नति के संबंध में चयन समिति द्वारा चयन की मौजूदा प्रक्रिया जारी रहेगी ।

(4) 8000/—रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 15600—39100 के वेतन बैंड में 3 वर्षों की सेवा पूरी करने के पश्चात् उप—पुस्तकालयाध्यक्ष/समकक्ष पद को 9000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 37400—67000/— के ग्रेड वेतन में उन्नति दी जाएगी, बशर्ते वह वि.अ.आ. और यदि कोई हो तो विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पात्रता की शर्तों को पूरा करता हो ।

(5) विश्वविद्यालय में 7000/— के शैक्षणिक ग्रेड वेतन में कार्यरत सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान)/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान) पुस्तकालय विज्ञान अथवा समकक्ष प्रकाशन कार्य नहीं है परन्तु वि.अ.आ. और विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अन्य मानदंड, यदि कोई हो, तो उन्हें पूरा करते हैं तो वे 8000/— के शैक्षणिक ग्रेड वेतन में रखे जाने के पात्र होंगे ।

(6) उप—पुस्तकालयाध्यक्ष/सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन वेतनमान) कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन वेतनमान) जिन्होंने 1.1.2006 को पूर्व संशोधित 12000—18300 रु. के वेतनमान में तीन वर्षों की सेवा पूरी कर ली है, उनका वेतनमान 9000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 37400—67000/— रु. के वेतन बैंड में उचित स्तर पर निर्धारित किया जाएगा । उनका पदनाम उप—पुस्तकालयाध्यक्ष/सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन वेतनमान)/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन वेतनमान) जारी रहेगा ।

(7) उप—पुस्तकालयाध्यक्ष/सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन वेतनमान) कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन वेतनमान) पद पर 37400—67000/— रु. के वेतन बैंड में रखे जाने के पात्र होने के लिए जिन पदधारियों ने पूर्व संशोधिति वेतनमान पर तीन वर्षों की सेवा पूरी नहीं की है को उप—पुस्तकालयाध्यक्ष/सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन वेतनमान)/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष (चयन वेतनमान) के रूप में तीन वर्षों की सेवा पूरी करने तक 8000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ उचित स्तर पर रखा जाएगा ।

(8) सीधे भर्ती किए गए उप–पुस्तकालयाध्यक्षों का वेतन 8000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 15600–39100 के वेतन बैंड में निर्धारित की जाएगी । 8000रु. के शैक्षणिक ग्रेड में तीन वर्षों की सेवा पूरी करने के पश्चात् उन्हें 9000रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 37400–67000/– रु. के वेतन बैंड में स्थानांतरित कर दिया जाएगा ।

(9) उप–पुस्तकालयाध्यक्ष पद हेतु सीधी भर्ती में वि.अ.आ. द्वारा निर्धारित योग्यताएँ और शैक्षणिक योग्यताओं की मौजूदा शर्तें लागू रहेंगी ।

(घ) पुस्तकालयाध्यक्ष (विश्वविद्यालय)

(1) पुस्तकालयाध्यक्ष का पद 10000/–रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 37400–67000/– रु. के वेतन बैंड में होगा ।

(2) पुस्तकालयाध्यक्ष (विश्वविद्यालय) के पद पर नियुक्ति हेतु वि.अ.आ. द्वारा निर्धारित पात्रता और शैक्षणिक योग्यताओं की मौजूदा शर्तें लागू रहेंगी।

(3) 9000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन में तीन वर्षों की सेवा पूरी करने वाले उप–पुस्तकालयाध्यक्ष और अन्य प्रकार से वि.अ.आ. और विश्वविद्यालय द्वारा यदि कोई हो, निर्धारित शर्तों के अनुसार पात्र होंगे, सीधी भर्ती के माध्यम से पुस्तकालयाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति हेतु विचार के भी पात्र होंगे ।

(4) पुस्तकालयाध्यक्ष (विश्वविद्यालय) पदधारी का वेतन 10000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 37400–67000/–रु. के वेतन बेंड में छठे केन्द्रीय वेतन आयोग के 'निर्धारण सूत्र' के अनुसार उचित स्तर पर निर्धारित किया जाएगा ।

6. **शारीरिक शिक्षा कार्मिक हेतु वेतनमान और वृति उन्नति योजनाः**

(क) शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक (सहायक डी0पी0ई0)/शारीरिक शिक्षा कॉलेज निदेशक (कॉलेज डी0पी0ई0)

(1) पूर्व–संशोधित 8000–13500/– रु. वेतनमान में शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक/कॉलेज डी0पी0ई0 को 6000 रु. शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 15600–39100 के वेतन बैंड में रखा जाएगा ।

(2) शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक/कॉलेज डी0पी0ई0 पदधारियों का वेतन 6000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 15600–39100 के वेतन बैंड में छठे केन्द्रीय वेतन आयोग के 'निर्धारण सूत्र' के अनुसार उचित स्तर पर निर्धारित किया जाएगा ।

(3) शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक/कॉलेज डी0पी0ई0 की सीधी भर्ती के लिए वि.अ.आ. द्वारा निर्धारित पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यताओं की मौजूदा शर्तें लागू रहेंगी ।

(ख) शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक (वरिष्ठ वेतनमान) कॉलेज डी0पी0ई0 (वरिष्ठ वेतनमान)

(1) पूर्व संशोधित 10000–15200/– रु. के वेतनमान में शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक (वरिष्ठ वेतनमान) कॉलेज डी0पी0ई0 (वरिष्ठ वेतनमान) को 7000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 15600–39100 के वेतन बैंड में रखा जाएगा ।

(2) शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक (वरिष्ठ वेतनमान) कॉलेज डी0पी0ई0 (वरिष्ठ वेतनमान) 6000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन में जो सहायक डी0पी0ई0/कॉलेज डी0पी0ई0 प्रवेश स्तर पर पीएच0डी0 डिग्रीधारी है, 6000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन में चार वर्ष की सेवा पूरी कर ली है और वि.अ.आ. और विश्वविद्यालय द्वारा, यदि कोई हो तो, निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार 7000 रु. के उच्च शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 15600–39100 के वेतन बैंड में स्थानांतरित किया जाएगा ।

(3) शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक (वरिष्ठ वेतनमान) कॉलेज डी0पी0ई0 (वरिष्ठ वेतनमान) 6000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन में सहायक डी0पी0ई0/कॉलेज डी0पी0ई0 के स्तर पर शारीरिक शिक्षा में एम0 फिल0 डिग्री धारकों को 6000रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन में पाच वर्षों की सेवा पूरी करने के पश्चात् 7000 रु. के उच्च शैक्षणिक ग्रेड वेतन के पात्र होंगे ।

(4) शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक/कॉलेज डी0पी0ई0 जो पीएच0डी0 और एम.फिल. डिग्रीधारी नहीं हैं, 6000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन में शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक/कॉलेज डी0पी0ई0 के रूप में छह वर्षों की सेवा पूरी करने के पश्चात् और अन्यथा वि.अ.आ. और विश्वविद्यालय द्वारा, यदि कोई हो तो, निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार 7000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन में रखे जाने के पात्र होंगे ।

(5) शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक (वरिष्ठ वेतनमान) कॉलेज डी0पी0ई0 (वरिष्ठ वेतनमान) पदधारी का वेतन छठे केन्द्रीय वेतन आयोग के 'निर्धारित सूत्र' के अनुसार 7000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन में 15600–39100 रु. के वेतन बैंड में उचित स्तर पर निर्धारित किया जाएगा ।

(ग) शारीरिक शिक्षा उप निदेशक/शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक (चयन वेतनमान)/शारीरिक शिक्षा कॉलेज निदेशक (चयन वेतनमान)

(1) 7000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड सहित 15600–39100 के वेतन बैंड में 5 वर्षों की सेवा पूरी करने के पश्चात् और वि.अ.आ. और विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अन्य दिशानिर्देशों की शर्तें, यदि कोई हों तो, उन्हें पूरा करता है, तो उसे शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक (वरिष्ठ वेतनमान) कॉलेज डी0पी0ई0 (वरिष्ठ वेतनमान) 8000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 15600–39100 रु. के वेतन बैंड में उन्नति दिया जाना प्रस्तावित है । उनका शारीरिक शिक्षा उप निदेशक/ सहायक डी0पी0ई0 (चयन वेतनमान कॉलेज डी0पी0ई0 (चयन वेतनमान) ,जैसी भी स्थिति हो, पदनाम होगा ।

(2) 8000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन और 15600–39100 के वेतन बैंड में 3 वर्षों की सेवा पूरी करने के पश्चात् वि.अ.आ. और विश्वविद्यालय द्वारा यदि कोई हो निर्धारित योग्यतों की शर्तों को पूरा करता है, उप डी0पी0ई0/सहायक डी0पी0ई0 चयन वेतनमान)/कॉलेज डी0पी0ई0 (चयन वेतनमान) को 9000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 37400–67000 रु. के वेतन बैंड प्रस्तावित है। उनका पदनाम उप डी0पी0ई0/सहायक डी0पी0ई0 (चयन वेतनमान)/कॉलेज डी0पी0ई0 (चयन वेतनमान) जारी रहेगा ।

(3) उप डी0पी0ई0/सहायक डी0पी0ई0 (चयन वेतनमान)/कॉलेज डी0पी0ई0 (चयन वेतनमान) के पद पर सभी पदधारी जिन्होंने 12000–18300/–रु. के संशोधन–पूर्व के वेतनमान में 1.1.2006 तक कम से कम 3 वर्षों की सेवा पूरी कर ली है उनका वेतन 9000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 37400–67000/– रु. के वेतन बैंड में निर्धारित किया जाएगा ।

(4) उप डी0पी0ई0/सहायक डी0पी0ई0 (चयन वेतनमान)/कॉलेज डी0पी0ई0 (चयन वेतनमान) के पद पर सभी पदधारी जिन्होंने 12000–18300/–रु. के पूर्व–संशोधित वेतनमान पर 3 वर्षों की सेवा पूरी नहीं की है, जिसके आधार पर वे अगले उच्च वेतन बैंड में जाने के पात्र होंगे, असंशोधित वेतनमान में उप डी0पी0ई0/एडी0पी0ई0 (चयन वेतनमान)/कॉलेज डी0पी0ई0 (चयन वेतनमान) के रूप में तीन वर्षों की अपेक्षित सेवा पूरी करने तक 8000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 15600–39100 रु. के वेतन बैंड में उचित स्तर पर निर्धारित किया जाएगा ।

(5) सीधे भर्ती किए गए उप डी0पी0ई0 का वेतन आरंभ में 8000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 15600–39100 रु. के वेतन बैंड में निर्धारित की जाएगी और उप डी0पी0ई0 और समकक्ष पद पर सीधे भर्ती होने के पश्चात् 3 वर्षों की सेवा पूरी करने के पश्चात् 9000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 37400–67000 रु. के वेतन बैंड में प्रस्तावित है ।

(घ) शारीरिक शिक्षा निदेशक (विश्वविद्यालय):

(1) विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा निदेशक पद का वेतन 10000 रु. के शैक्षणिक ग्रेड वेतन के साथ 37400–67000 के वेतन बैंड में होगी ।

(2) शारीरिक शिक्षा निदेशक (विश्वविद्यालय) के पद को सीधी भर्ती से भरा जाना जारी रहेगा और पात्रता की मौजूदा शर्तें अर्थात् न्यूनतम योग्यताएँ, वर्षों का संबंधित अनुभव और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित अन्य शर्तें, भर्ती की योग्यता हेतु जारी रहेगी ।

(3) पदधारी का वेतनमान छठे केन्द्रीय वेतन आयोग के 'निर्धारण सूत्र' के अनुसार 37400–67000 रु. के वेतन बैंड में उचित स्तर पर निर्धारित किया जाएगा ।

7. पीएच0डी0/एम0फिल0 और अन्य उच्च योग्यता हेतू प्रोत्साहन :

(i) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा यथा निर्धारित पंजीकरण, पाठ्यक्रम कार्य और बाह्य मूल्याँकन की प्रक्रिया के पश्चात् विश्वविद्यालय द्वारा संबंधित विषय में प्रदान की गई पीएच0डी0, डिग्रीधारी सहायक प्रोफेसर(सहायक प्रोफेसर) के रूप में भर्ती होने पर प्रवेश स्तर पर पाँच गैर चक्रवृद्धि अग्रिम वेतनवृद्धि का हकदार होगा ।

(ii) सहायक प्रोफेसर(सहायक प्रोफेसर) के पद पर भर्ती एम0फिल0 डिग्रीधारक दो गैर–चक्रवृद्धि अग्रिम वेतन वृद्धि का हकदार होगा ।

(iii) संबंधित सांविधिक निकाय/परिषद् द्वारा मान्यताप्राप्त व्यावसायिक पाठ्यक्रम जैसे एल0एल0बी0/एम0टेक0 में स्नातकोत्तर डिग्रीधारक भी प्रवेश स्तर पर दो गैर–चक्रवृद्धि अग्रिम वेतनवृद्धि के हकदार होंगे ।

(iv) वे शिक्षक जिन्होंने सेवाकाल के दौरान अपनी पीएच0डी0 पूरी कर ली है, तीन गैर–चक्रवृद्धि वेतनवृद्धि के हकदार होंगे बशर्ते, ऐसी पीएच0डी0 डिग्री संबंधित विषय में है और पंजीकरण पाठ्यक्रम कार्य और मूल्याँकन आदि हेतु वि.अ.आ. द्वारा निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात् प्रदान की गई है ।

(v) तथापि, सेवा में कार्यरत शिक्षकों जिनको इस योजना के प्रभावी होने के समय पीएच0डी0 डिग्री प्रदान की जा चुकी है अथवा पीएच0डी0 के लिए पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं, पाठ्यक्रम कार्य साथ ही मूल्याँकन यदि कोई हो पहले ही पूरा कर लिया है और पीएच0डी0 प्रदान किए जाने के संबंध में केवल अधिसूचना की प्रतीक्षा है, यदि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान ऐसी पीएच0डी0 को वि.अ.आ. द्वारा अधिसूचित नहीं किया गया है, जैसा आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया में अनुपालन किया जाता है, वे भी तीन गैर–चक्रवृद्धि वेतनवृद्धि के हकदार होंगे ।

(vi) अन्य मामलों के संबंध में, एक शिक्षक जो पहले ही पीएच0डी0 के लिए पंजीकृत है, को तीन गैर–चक्रवृद्धि वेतन वृद्धि का लाभ उसी स्थिति में मिलेगा यदि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली पीएच0डी0 या तो पाठ्यक्रम कार्य अथवा मूल्याँकन अथवा दोनों जैसी भी स्थिति हो, पीएच0डी0 प्रदान किए जाने हेतु आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के संकलित होने पर वि.अ.आ. द्वारा अधिसूचित की जा चुकी है ।

(vii) वे सेवारत शिक्षक जिन्होंने अभी तक पीएच0डी0 हेतु पंजीकरण नहीं करवाया है, सेवाकाल में विश्वविद्यालय के साथ ऐसे पंजीकरण जिसमें वि.अ.आ. द्वारा निर्धारित पूरी प्रक्रिया, पंजीकरण सहित शामिल है, पीएच0डी0 प्रदान किए जाने पर तीन गैर–चक्रवृद्धि वेतनवृद्धि का लाभ प्राप्त करेंगे ।

(viii) वे शिक्षक जिन्होंने सेवा के दौरान संगत साँविधिक निकाय/परिषद् से एम0फिल0 डिग्री अथवा/व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है एक अग्रिम वेतन वृद्धि के हकदार होंगे यदि विषय विशेष में पोस्ट ग्रेजुएट योग्यता भर्ती के प्रवेश स्तर पर अनिवार्य योग्यता नहीं है, सेवाकाल के दौरान ऐसी योग्यता प्राप्त करने वाला उम्मीदवार भी एक अग्रिम वेतन वृद्धि का हकदार होगा ।

(ix) सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष जिनके पास पुस्तकालय विज्ञान में पीएच0डी0 प्रदान करने के लिए पंजीकरण पाठ्यक्रम, कार्य और मूल्याँकन प्रक्रिया के संबंध में वि.अ.आ. द्वारा निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात्

विश्वविद्यालय से पुस्तकालय विज्ञान में पीएच0डी0 की डिग्री है, को पाँच गैर चक्रवृद्धि अग्रिम वेतनवृद्धि प्रदान की जाएगी ।

(x) सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष और अन्य पुस्तकालयकर्मी जिन्होंने पंजीकरण, पाठ्यक्रम, कार्य और मूल्याँकन प्रक्रिया के संबंध में वि.अ.आ. द्वारा निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात् विश्वविद्यालय से पुस्तकालय विज्ञान में सेवाकाल के दौरान पीएच0डी0 की डिग्री प्राप्त की है, तीन गैर–चक्रवृद्धि अग्रिम वेतन वृद्धि के हकदार होंगे ।

(xi) तथापि, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष अथवा उच्च पदों पर जिन व्यक्तियों को इस योजना के प्रभावी होने के समय पुस्तकालय विज्ञान में पीएच0डी0 डिग्री प्रदान की जा चुकी है अथवा पुस्तकालय विज्ञान में पीएच0डी0 हेतु पंजीकरण करा लिया है और पाठ्यक्रम कार्य, साथ ही मूल्याँकन, यदि कोई हो, जो पहले ही किए जा चुके हैं और पीएच0डी0 प्रदान करने के संबंध में केवल अधिसूचना की प्रतीक्षा है, यदि विश्वविद्यालय द्वारा ऐसी पीएच0डी0 डिग्री प्रदान करने के पश्चात् आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संकलित होने पर वि.अ. आ. द्वारा अभी तक अधिसूचित नहीं की गई है तो वे भी तीन गैर चक्रवृद्धि वेतन वृद्धि प्रदान किए जाने के हकदार होंगे ।

(xii) सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष अथवा उच्च पदों पर प्रत्येक अन्य व्यक्तियों के संबंध में जिन्होंने पीएच0डी0 के लिए पहले ही पंजीकरण कराया हुआ है को तीन गैर–चक्रवृद्धि वेतनवृद्धि का लाभ उसी स्थिति में जब पीएच0डी0 डिग्री प्रदान किए जाने के संबंध में या तो पाठ्यक्रम कार्य अथवा मूल्याँकन अथवा दोनों ,जैसी भी स्थिति हो, हेतु आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया संकलित होने पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान डिग्री को वि.अ.आ. द्वारा अधिसूचित किया जा चुका है ।

(xiii) सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष और पुस्तकालय सेवाओं में अन्य उच्च पदों पर जिन्होंने अभी तक पीएच0डी0 के लिए पंजीकरण नहीं करवाया है, सेवा के दौरान पीएच0डी0 प्रदान किए जाने पर तीन गैर–चक्रवृद्धि वेतनवृद्धियों का

लाभ उसी स्थिति में प्राप्त होगा जब ऐसे पंजीकरण वि.अ.आ. द्वारा निर्धारित संपूर्ण प्रक्रिया जिसमें पंजीकरण भी शामिल है, विश्वविद्यालय में संकलित करा दी है ।

(xiv) सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष जिनके पास प्रवेश स्तर पर पुस्तकालय विज्ञान में एम0फिल0 डिग्री है, को दो गैर–चक्रवृद्धि वेतनवृद्धियाँ दी जाएँगी । सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष और अन्य पदों पर तैनात हैं और अपनी सेवा के दौरान किसी समय पर पुस्तकालय विज्ञान में एम0फिल0 की डिग्री प्राप्त की है, एक अग्रिम वेतन वृद्धि के हकदार होंगे ।

(xv) शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक/शारीरिक शिक्षा कॉलेज निदेशक पद पर भर्ती स्तर पर, शारीरिक शिक्षा में पीएच0डी0 डिग्री प्रदान करने हेतु पंजीकरण, पाठ्यक्रमों और मूल्याँकन प्रक्रिया के संबंध में वि.अ.आ. द्वारा निर्धारित प्रक्रिया को अनुपालन करने पर विश्वविद्यालय से शारीरिक शिक्षा की विद्या में पीएच0डी0 धारकों को पाँच गैर–चक्रवृद्धि अग्रिम वेतन वृद्धियाँ प्रदान की जाएँगी ।

(xvi) शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक/कॉलेज डी0पी0ई0 अथवा उच्च पदों पर भर्ती स्तर पर, सेवाकाल के दौरान पंजीकरण, पाठ्यक्रम कार्यों और मूल्याँकन प्रक्रियाके संबंध में वि.अ.आ. द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुपालन में शारीरिक शिक्षा विषय में पीएच0डी0 डिग्री प्राप्त करने वाले व्यक्ति तीन गैर–चक्रवृद्धि अग्रिम वेतनवृद्धियों के हकदार होंगे ।

(xvii) तथापि, शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक/कॉलेज डी0पी0ई0 अथवा उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों जिन्हें इस योजना के लागू होने के समय शारीरिक शिक्षा में पीएच0डी0 प्रदान की जा चुकी है अथवा जिनके द्वारा शारीरिक शिक्षा पीएच0डी0 हेतु पंजीकरण करवाया जा चुका है, पाठ्यक्रम कार्य, साथ ही मूल्याँकन, यदि कोई हो तो, पहले ही पूरे किए जा चुके हैं और मात्र पीएच0डी0 प्रदान किए जाने के संबंध में अधिसूचना आनी है और विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान डिग्री, आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुपालन में वि.अ.आ. द्वारा ऐसी पीएच0डी0 डिग्री को

अधिसूचित नहीं किया गया है, वे भी तीन गैर–चक्रवृद्धि वेतनवृद्धियों के हकदार होंगे ।

(xviii) शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक/कॉलेज डी0पी0ई0 अथवा उच्च पदों पर विराजमान व्यक्तियों के मामले में, जिन्होंने शारीरिक शिक्षा में पीएच0डी0 के लिए पहले ही पंजीकरण करा रखा है, ऐसी स्थिति में वे तीन गैर चक्रवृद्धि वेतन वृद्धि का लाभ तब ही मिलेगा जब विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान डिग्री पाठ्यक्रम कार्य अथवा मूल्याँकन अथवा दोनों ,जैसी भी स्थिति हो, के संबंध में पीएच0डी0 डिग्री प्रदान करने हेतु आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुपालन में वि.अ.आ. द्वारा अधिसूचित किया जा चुका है ।

(xix) शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक/कॉलेज डी0पी0ई0 और सेवा में उच्च पदों पर तैनात अन्य व्यक्ति जिन्होंने अभी तक पीएच0डी0 के लिए पंजीकरण नहीं करवाया है, को सेवा के दौरान पीएच0डी0 प्रदान होने के पश्चात् तीन गैर चक्रवृद्धि वेतनवृद्धियाँ उसी स्थिति में मिलेंगी यदि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित पूरी प्रक्रिया जिसमें पंजीकरण भी शामिल है, के अनुपालन में विश्वविद्यालय के साथ ऐसे पंजीकरण किए गए हों ।

(xx) प्रवेश स्तर पर शारीरिक शिक्षा में एम.फिल. डिग्रीधारी शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक/कॉलेज डी0पी0ई0 को दो गैर चक्रवृद्धि अग्रिम वेतनवृद्धियाँ दी जाएंगी । सेवाकाल के दौरान किसी समय शारीरिक शिक्षा में एम.फिल. डिग्री प्राप्त करने वाले शारीरिक शिक्षा सहायक निदेशक/कॉलेज डी0पी0ई0 और अन्य उच्च पद पर तैनात व्यक्ति एक अग्रिम वेतनवृद्धि का हकदार होगा ।

(xxi) उपर्युक्त खंडों के होते हुए भी पूर्व योजना के अंतर्गत प्रवेश स्तर पर पीएच0डी0/एम0फिल0 डिग्रीधारक जो अग्रिम वेतनवृद्धियों का लाभ पहले ही प्राप्त कर चुके हैं, वे इस योजना के अंतर्गत अग्रिम वेतनवृद्धियों का लाभ प्राप्त करने के हकदार नहीं होंगे ।

(xxii)प्रवेश स्तर पर ऐसे पदों पर जहाँ पूर्व योजना के अंतर्गत पीएच0डी0/एम0फिल0 डिग्रीधारकों को ऐसी अग्रिम वेतनवृद्धियाँ प्राप्त नहीं थीं, पीएच0डी0/एम0फिल0 डिग्रीधारकों को पाँच अग्रिम वेतनवृद्धियों का लाभ केवल उन नियुक्तियों में मिलेगा जो इस योजना के प्रभावी होने के पश्चात् की गई हैं ।

(xxiii)शिक्षक, पुस्तकालय और शारीरिक शिक्षा संवर्ग में सेवा के दौरान पीएच0डी0/एम0फिल0 डिग्री प्राप्त करने पर मौजूदा नीति के अनुसार वेतन वृद्धि का लाभ पहले ही प्राप्त कर चुके हैं, वे इस योजना के अंतर्गत लाभ के हकदार नहीं होंगे ।

8. **अन्य निबंधन और शर्तें :**

(क) **वेतन वृद्धिः**

(1) प्रत्येक वार्षिक वेतन वृद्धि संबंधित वेतन बैंड में वेतन और वेतन बैंड में स्तर हेतु प्रभारी शैक्षणिक ग्रेड वेतन (ए0जी0पी0) के कुल योग के 3 प्रतिशत के समकक्ष होगी ।

(2) **प्रत्येक अग्रिम वेतन वृद्धि संबंधित वेतन बैंड में वेतन और प्रभावानुसार शैक्षणिक ग्रेड वेतन (ए0जी0पी0) के कुल योग के 3 प्रतिशत की दर से देय होगा और यह गैर चक्रवृद्धि होगा ।**

(3) प्रत्येक उच्च स्तर के शैक्षणिक ग्रेड वेतन (ए0जी0पी0) में रखे जाने पर अतिरिकत वेतन वृद्धि(यों) की संख्या निम्न वेतनमान से उच्च वेतनमान पर वेतन वृद्धि की मौजूदा योजना के अनुसार होगी, तथापि, दो वेतन बैंडों के बीच प्रभावी वेतन में पर्याप्त वृद्धि होने के मद्देनजर 15600–39100 रु. के वेतन बैंड से 37000–67000 रु. के वेतन बैंड में जाने करने पर कोई अतिरिक्त वेतनवृद्धियाँ नहीं दी जाएँगी ।

(4) विश्वविद्यालय व्यवस्था में इंजीनियरिंग/तकनीकी पाठ्यक्रमों से जुड़े शिक्षकों को अग्रिम वेतन वृद्धि प्रदान करने संबंधी सभी मुद्दे तकनीकी शिक्षा में शिक्षकों की वेतन समीक्षा हेतु केन्द्रीय सरकार द्वारा गठित पृथक् समिति के अधीन होंगे ।

(ख) वेतन निर्धारण सूत्र :

छठे केन्द्रीय वेतन आयोग द्वारा सिफारिश किए गए वेतन 'निर्धारण सूत्र', जिसे केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है शिक्षकों, पुस्तकालयों में समकक्ष पदों और शारीरिक शिक्षा संवर्गों के लिए स्वीकृत किया जाएगा ।

(ग) भत्ते:

(1) भत्ते जैसे अवकाश यात्रा रियायत, विशेष प्रतिपूर्ति भत्ता, प्रतिनियुक्ति भत्ता, यात्रा भत्ता, परिवहन भत्ता, मकान किराया भत्ता, मंहगाई भत्ता, क्षेत्र आधारित विशेष प्रतिपूर्ति भत्ता आदि जो शिक्षकों, पुस्तकालय और शारीरिक शिक्षा संवर्गों पर लागू हैं, छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के संबंध में केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों हेतु केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत सिफारिशों के संबंध में केन्द्रीय सरकार कर्मचारियों हेतु केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत सिफारिशों के समान होंगी ओर 1.09.2008 से लागू होंगी ।

(2) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुरक्षित विश्वविद्यालयों/कॉलेजों ओर मानित विश्वविद्यालय संस्थानों में शिक्षकों और पुस्तकालय में समकक्ष पदों और शारीरिक शिक्षा संवर्ग हेतु केन्द्रीय सरकार समूह 'क' कर्मचारियों को यथा प्रभावी भत्तों की दर स्वीकृत की जाएगी ।

(3) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुरक्षित विश्वविद्यालयों/कॉलेजों और मानित विश्वविद्यालय संस्थानों में शिक्षकों और पुस्तकालय और शारीरिक शिक्षा संवर्ग में निःशक्त व्यक्ति (अधिकार संरक्षण, समान अवसर और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम के उपबंधों के अंतर्गत दृष्टि–बाधित, अस्थि, श्रवण संबंधी और अन्य प्रकार से निःशक्त कर्मचारियों को केन्द्रीय सरकार के निःशक्त कर्मचारियों के संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार सामान्य दर की तुलना में दो गुना परिवहन भत्ता दिया जाएगा ।

(घ) **अध्ययन अवकाश:**

(1) वि.अ.आ0. कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य संवर्गों में रिक्त स्थानों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए प्रवेश करने के पश्चात् वर्षों की संख्या में छूट प्रदान कर सेवा के दौरान संबंधित विषय में एम0फिल0 और पीएच0डी0 आदि डिग्री प्राप्त करने के लिए सवेतन अध्ययन अवकाश प्रदान करने के संबंध में अपने दिशानिर्देशों में संशोधन करेगा, ताकि शिक्षक और अन्य संवर्गों में सेवा में प्रवेश करते समय पीएच0डी0 अथवा एम0फिल0 अथवा उच्च योग्यता रहित शिक्षकों और अन्य संवर्गों को वृद्धि के अंतिम स्तर के बजाय शीघ्रातिशीघ्र संगत विषय में ऐसी योग्यताएँ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके ।

(ङ) **शोध प्रोत्साहन अनुदान :**

(1) बुनियादी विज्ञान शोध के संबंध में प्रो0 एम.एम. शर्मा समिति और वि.अ.आ. द्वारा सामाजिक विज्ञान/मानविकी और अन्य विद्याओं में शोध हेतु उपयुक्त स्वीकृत सिफारिशों के अनुसार बुनियादी विज्ञान शोध सहित सभी विषयों में शोध आरंभ करने के लिए शिक्षकों और अन्य संवर्गों को 'आरम्भिक अनुदान' प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग उचित दिशानिर्देशों के साथ एक योजना प्रस्तावित करेगा ।

(च) **सेवानिवृत्ति की आयु :**

(1) विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षकों की कमी और उन पदों पर अनुवर्ती रिक्ति से उत्पन्न हुई परिस्थिति का सामना करने के लिए शिक्षण वृति में योग्य व्यक्तियों को आकर्षित करने के लिए शैक्षणिक कक्षाओं में शामिल और शिक्षकों को लम्बी अवधि तक सेवा में बनाए रखने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग पत्रांक सं0 एफ सं0 119/2006 यू–II, दिनांक 23.3.2007 के द्वारा केन्द्रीय शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु पहले ही बढ़ा कर पैंसठ वर्ष कर दी गई है । शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु में बढ़ोत्तरी संबंधी संशोधन करने के परिणामस्वरूप केन्द्र सरकार ने उच्चतर शिक्षा विभाग अर्धशासकीय पत्र

सं0 1–24/2006–डेस्क(यू), दिनांक 30.3.2007 के अनुसार केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष से बढ़ाकर 70 वर्ष करने के लिए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को प्राधिकृत किया है, बशर्ते उक्त संविधि में सक्षम प्राधिकारी (केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के मामले में कुलाध्यक्ष) की अनुमति से संशोधन किए जाएँ ।

(2) रिक्त पदों की उपलब्धता, शिक्षकों की शारीरिक क्षमता के आधार पर पैसठ वर्ष की आयु के पश्चात् सत्तर वर्ष की आयु तक अनुबंधात्मक नियुक्ति पर पुनःनियोजित किया जाएगा । सेवानिवृत्ति के पश्चात् पुनः रोजगार तथापि चयनित आधार पर होगा, पहली बार 3 वर्षों की सीमित अवधि के लिए और उसके पश्चात् 2 वर्षों की अवधि के लिए होगी, जो पूर्णतः योग्यता अनुभव, विशिष्टता क्षेत्र और समकक्ष समूह समीक्षा के आधार पर और योग्य शिक्षकों के चयन और पदोन्नति संभावनाओं को प्रभावित किए बिना केवल उपलबध रिक्त पदों पर की जाएगी ।

(3) जबकि, कक्षाओं में शिक्षण कार्यों से जुड़े शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु में बढ़ोत्तरी का इरादा शिक्षण वृत्ति में योग्य व्यक्तियों को आकर्षित करने और शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए सेवा में शिक्षकों को लंबी अवधि के लिए रखा जाना है और जहाँ पुस्तकालयाध्यक्ष और शारीरिक शिक्षा निदेशकों की श्रेणी में कोई कमी नहीं है, मौजूदा पैंसठ वर्ष की सेवानिवृत्ति की आयु में बढ़ोत्तरी पुस्तकालयध्यक्ष और शारीरिक शिक्षा निदेशकों की श्रेणी में उपलब्ध नहीं होगी ।

(छ) पेंशन :

(1) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुरक्षित संस्थानों में पेंशन प्राप्त कर रहे शिक्षकों और अन्य संवर्गों हेतु केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी पर पेंशन और ग्रेच्युटी के संबंध में केन्द्र सरकार के नियम लागू होंगे । केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों हेतु पेंशन के संबंध में छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशें, पूर्ण पेंशन हेतु अर्थात् औसत वेतन का 50 प्रतिशत अथवा अंतिम आहरित वेतन 20 वर्षों की सेवा के पश्चात् जो भी अधिक हो केवल उन शिक्षकों और अन्य संवर्गों के मामले में स्वीकार

किया जाएगा जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत विश्वविद्यालयों/कॉलेजों और अन्य मानित विश्वविद्यालय संस्थानों में पहले सही पेंशन प्राप्त कर रहे हैं ।

(2) 01.01.2004 से प्रभावी नई पेंशन योजना के मद्देनजर पेंशन योजना में परिवर्तन के नए मामलों को परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी ।

(ज) पारिवारिक पेंशन :

(1) छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के संबंध में केन्द्र सरकार यथा अनुमोदित पारिवारिक पेंशन सुविधा केन्द्रीय विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुरक्षित अन्य संस्थानों में कार्यरत उन शिक्षकों और अन्य संवर्गों को उपलब्ध होगी जो फिलहाल ऐसी पेंशन के पात्र हैं ।

(झ) वरिष्ठ पेंशनरों को अतिरिक्त पेंशन :

(1) केन्द्र सरकार के वरिष्ठ पेंशनधारियों के संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार अतिरिक्त पेंशन की सुविधा उन व्यक्तियों को मिलेगी जो शिक्षक और अन्य संवर्गों में थे और जिनकी आयु 80 वर्ष की हो चुकी है, बशर्ते वे केन्द्रीय विश्वविद्यालयों और वि.अ.आ. द्वारा अनुरक्षित अन्य संस्थानों में पहले से ही पेंशन योजनाओं के अंतर्गत हैं ।

(ञ) उपदान और छुट्टी का नकद भुगतान

केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत उपदान और छुट्टी के नकद भुगतान की सुविधाओं के संबंध में केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों हेतु छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों केन्द्रीय विश्वविद्यालयों और वि.अ.आ. द्वारा अनुरक्षित संस्थानों में शिक्षकों और अन्य संवर्गों को प्राप्त होगी ।

(ट) अनुग्रह मुआवजा :

केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के परिवारों की भाँति अपनी वास्तविक सेवा के निष्पादन में मृत्यु हो जाने पर शिक्षकों और अन्य संवर्गों के परिवारों को अनुग्रह मुआवजा दिया जाएगा ।

(ठ) भविष्य निधि :

(1) अंशदायी भविष्य निधि के संबंध में वर्तमान नीति के मद्देनजर यथा स्थिति बनी रहेगी ।

(ढ) परामर्शदात्री कार्य :

(1) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान और अन्य संस्थानों के अंतर्गत विद्यमान संस्थानों और परामर्शदाता शिक्षकों के बीच राजस्व बंटवारे के मॉडल पर विचार करके विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एक उपयुक्त मॉडल तैयार करेगा ।

(ण) पिछली वेतन समीक्षा समिति की विसंगतियाँ :

(1) पिछली वेतन समीक्षा समिति की विसंगतियाँ और लागू नहीं की गई सिफारिशों यदि कोई हैं तो उनकी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के परामर्श से जाँच की जाएगी ।

(त) वेतन समीक्षा समिति और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अन्य सिफारिशें :

(1) विभिन्न चयन प्रक्रियाओं, सेवा और कार्यकरण शर्तों, प्रशिक्षण/पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आदि के संबंध में वेतन समीक्षा समिति और वि.अ.आ. द्वारा की गई सिफारिशों पर केन्द्र सरकार के अनुमोदन से ,जहाँ कहीं भी आवश्यक हो, अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम के उपबंधों के अनुसरण में आयोग के विनियमनों के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उचित विचार किया जाएगा ।

(थ) योजना की अनुप्रयोज्यता :

(1) सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों और उनके अंतर्गत कॉलेज और मानित विश्वविद्यालय संस्थान जिनका व्यय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वहन किया जाता है, में कार्यरत शिक्षकों और पुस्तकालयों और शारीरिक शिक्षा के समकक्ष संवर्गों पर यह योजना लागू होगी । संशोधित वेतनमानों का कार्यान्वयन इस पत्र में उल्लिखित सभी शर्तों को स्वीकार करने तथा साथ ही इस संबंध में वि.अ.आ. द्वारा बनाए गए विनियमों के अधीन होगा । इस योजना को कार्यान्वित करने वाले विश्वविद्यालयों को वि.अ.आ. द्वारा इस पत्र के जारी होने के तीन माह के भीतर वि.अ.आ. विनियमन की तर्ज पर अपने संगत साँविधिक और अध्यादेशों में संशोधन करने की सलाह दी जाएगी ।

(2) यह योजना कुल सचिव, वित्त–अधिकारी और परीक्षा नियंत्रक संवर्गों पर लागू नहीं होगी उनके लिए पृथक् योजना अलग से जारी की जा रही है ।

(3) यह योजना संगतकार, प्रशिक्षकों, अनुशिक्षकों और प्रदर्शकों पर लागू नहीं होगी । उक्त श्रेणियों के कर्मचारियों का वेतन और ग्रेड वेतन छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर केन्द्र सरकार द्वारा अनुमोदित, केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के संबंध में ऐसे निर्धारण तदनुसार प्रत्येक विश्वविद्यालय/संस्थान में उनके मौजूदा वेतन के संगत वेतन बैंड में उचित रूप से निर्धारित की जाएगी ।

(4) यह योजना व्यावसायिक पदों जैसे सिस्टम–एनॉलिस्ट, वरिष्ठ–एनॉलिस्ट, शोध अधिकारी आदि पर लागू नहीं होगी । उन्हें केन्द्र सरकार के अनुसंधान/वैज्ञानिक संगठनों में योग्य कार्मिकों के समकक्ष माना जाएगा ।

(5) इस योजना को राज्य विधानमंडलों के अधीन विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और अन्य उच्च संस्थानों पर लागू किया जा सकता है, बशर्ते राज्य सरकार योजना को निम्नलिखित निबंधन और शर्तों के अधीन स्वीकार और लागू करे :

(क) योजना के अंतर्गत कवर किए गए शिक्षकों और अन्य समकक्ष संवर्गों के वेतनमानों में संशोधन पर विचार करने वाली राज्य सरकारों को केन्द्र सरकार से वित्तीय

सहायता संशोधन के कार्यान्वयन में शामिल अतिरिक्त व्यय के 80 (अस्सी प्रतिशत) की सीमा तक सीमित होगी ।

(ख) संशोधन पर विचार करने वाली राज्य सरकारों को अतिरिक्त व्यय की शेष 20 प्रतिशत को अपने संसाधनों से पूरा करना होगा ।

(ग) उप खँड (क) में उल्लेख की गई वित्तीय सहायता 01.01.2006 से 31.03.2010 की अवधि के लिए प्रदान की जाएगी ।

(घ) विश्वविद्यालय और कॉलेज के वेतनमान आदि के संशोधन के लेखों की पूर्ण देयता 01.04.2010 से प्रभावी वेतनमानों के संशोधन पर विचार करने वाली राज्य सरकारों द्वारा वहन की जाएगी ।

(ड़) केन्द्र सरकार से वित्तीय सहायता केवल उन पदों, जो पहले मौजूद थे और जिन्हें 01.01.2006 तक भर लिया गया था, के संबंध में वेतनमानों के संशोधन तक सीमित रहेगी ।

(च) राज्य सरकारें, अन्य स्थानीय परिस्थितियों पर विचार कर सकती हैं, अपने विवेकाधिकार से निर्णय ले सकती हैं, इस योजना में उल्लेख किए गए वेतनमानों से अधिक वेतनमान देना आरंभ कर सकती हैं और 01.01.2006 की तिथि से अथवा उसके पश्चात् वेतन के संशोधित बैंडों/वेतनमानों को लागू कर सकती हैं, तथापि ऐसी परिस्थिति में प्रस्तावित संशोधनों का ब्यौरा केन्द्र सरकार को प्रस्तुत करना होगा और केन्द्रीय सहायता केन्द्र सरकार द्वारा यथा अनुमोदित वेतन बेंडों तक सीमित होगी और राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित उच्च वेतनमानों पर यह लागू नहीं होगा ।

(छ) इस योजना के कार्यान्वयन हेतु केन्द्रीय सहायता का भुगतान वेतनमानों की संशोधन की पूरी योजना साथ ही विनियमन के माध्यम से वि.अ.आ. द्वारा निर्धारित सभी शर्तों के अधीन होगा और अन्य दिशा–निर्देश समग्र योजना के रूप में बिना किसी संशोधन के कार्यान्वयन की तिथि को छोड़कर और उपर्युक्त में बताए गए वेतनमानों

को छोड़कर राज्य सरकारों द्वारा इसके अंतर्गत आने वाले विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के संबंध में लागू की जाएगी ।

9. **संशोधित वेतन और भत्तों तथा बकायों के भुगतान के लागू होने की तिथि :**

(1) इस योजना के अंतर्गत संशोधित वेतन और मंहगाई भत्ते की संशोधित दरें 01.01.2006 से प्रभावी होंगी । अन्य सभी लागू भत्ते जैसे मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता, बाल शिक्षा भत्ता आदि और गैर–चक्रवृद्धि अग्रिम वेतनवृद्धि 01.09.2008 से प्रभावी होंगे ।

(2) कुल बकाये के 40 प्रतिशत राशि का भुगतान चालू वित वर्ष अर्थात् 2008–09 के दौरान ग्राह्य आय कर कटौती के पश्चात् किया जाएगा ।

(3) इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी से वचनबंध लिया जाएगा कि संशोधित वेतन बैंड में वेतन के गलत निर्धारण के कारण अथवा अनुचित वेतन बैंड/शैक्षणिक, ग्रेड वेतन का भुगतान अथवा किए गए अधिक भुगतान को भविष्य में लाभार्थी को देय भुगतान के साथ समायोजित किया जाएगा, जैसाकि वित्त मंत्रालय के दिनांक 30.8.2008 के (व्यय विभाग) अ.शा.संख्या एफ–1/2008–आईसी के साथ पठित मंत्राालय के दिनांक 23.10.2008 के अ.शा.सं.एफ 23–7/2008/एफडी में बताया गया है ।

10. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नियमन के लंबित मुद्दे इस योजना के अंतर्गत सभी योग्य लाभार्थियों को संगत वेतन बैंड में संशोधित वेतन और शैक्षणिक ग्रेड वेतन मिलाकर बकाये वेतन सहित लागू भत्तों का भुगतान किया जाएगा ।

11. यह योजना वित मंत्रालय (व्यय विभाग) के अ.शा. संख्या 7–23/2008–ई.तीन दिनांक 30.9.2008 द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अध्यधीन होगी ।

12. इस योजना के कार्यान्वयन में यदि कोई विसंगति पायी जाती हे तो उसे केन्द्रीय सरकार के स्पष्टीकरण/निर्णय हेतु उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के ध्यान में लाया जाए ।

भवदीय,

(आर. चक्रवर्ती),
उप सचिव,

परिशिष्ट–II

मानव संसाधन तथा विकास मंत्रालय

(उच्च शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, 4 जून, 2009

सेवा में,

सचिव
वि.अ.आ.
बहादुरशाह जफर मार्ग
नई दिल्ली–11002

(डॉ. आर. के. चौहान, सचिव के ध्यानाकर्षण हेतु)

विषय : विश्वविद्यालयों तथा कालेजों में शिक्षकों तथा समान संवर्गो तथा रजिस्ट्रार, उप–रजिस्ट्रार आदि के पदों के लिए भी वेतन संशोधन संबंधी स्कीम।

महोदय,

सं.एफ. 3–1/2009–U.I

मुझे, उपरोक्त विषय पर पत्र सं. 1–32/2006–U.II/U.I(i) तथा सं.1–32/2006–U.II/U/1(II) दिनांक 31 दिसम्बर, 2008 को लिखे गए तथा दिनांक 27 जनवरी, 2009 को लिखे गए आपके अर्धशासकीय पत्र संख्या एफ.1–2/2009 (EC) पर आपका ध्यान दिलाने का तथा तालिकाओं में दर्शाये गए विभिन्न श्रेणियों के पदों में दिनांक 1.1.2006 की स्थिति के अनुसार मौजूदा पदस्थ व्यक्तियों के वेतन निर्धारण हेतु प्रमाणित फिटमेंट तालिकाओं (तालिका सं. 1–9) को अग्रसारित करने का निर्देश हुआ है।

भवदीय,

(आर. चक्रवर्ती)
उप–सचिव

तालिका–1

i पदस्थ सहायक प्रोफेसर

ii पदस्थ सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कालेज पुस्तकालयाध्यक्ष

iii पदस्थ सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा/कालेज निदेशक, शारीरिक शिक्षा

पूर्व संशोधित वेतनमान 8,000–275–15,200 रु. ('ए' समूह प्रवेश)		संशोधित वेतन बैंड+AGP 15,600–39,100+AGP 6000 रु.	
पूर्व संशोधित मूल वेतन	संशोधित वेतन		
	वेतन बैंड में वेतन	अकादमिक ग्रेड वेतन	संशोधित मूल वेतन
8000	15600	6000	21600
8275	15600	6000	21600
8550	15910	6000	21910
8825	16420	6000	22420
9100	16930	6000	22930
9375	17440	6000	23440
9650	17950	6000	23950
9925	18470	6000	24470
10200	18980	6000	24980
10475	19490	6000	25490
10750	20000	6000	26000
11025	20510	6000	26510
11300	21020	6000	27020
11575	21530	6000	27530
11850	22050	6000	28050
12125	22560	6000	28560
12400	23070	6000	29070
12675	23580	6000	29580
12950	24090	6000	30090
13225	24600	6000	30600
13500	25110	6000	31110
13775	25630	6000	31630
14050	26140	6000	32140
14325	26650	6000	32650

तालिका–2

i पदस्थ सहायक प्रोफेसर (पूर्व लैक्चरर)(वरिष्ठ वेतनमान)

ii पदस्थ सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान)/ कालेज पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान)

iii पदस्थ सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा (वरिष्ठ वेतनमान) /कालेज निदेशक, शारीरिक शिक्षा (वरिष्ठ वेतनमान)

पूर्व संशोधित वेतनमान 10,000–325–15,200 रु. ('ए'समूह प्रवेश)		**संशोधित वेतन बैंड+AGP 15,600–39,100+AGP 7,000 रु.**	
पूर्व संशोधित मूल वेतन	**संशोधित वेतन**		
	वेतन बैंड में वेतन	**अकादमिक ग्रेड वेतन समूह**	**संशोधित मूल वेतन**
10000	18600	7000	25600
10325	19210	7000	26210
10650	19810	7000	26810
10975	20420	7000	27420
11300	21020	7000	28020
11625	21630	7000	28630
11950	22230	7000	29230
12275	22840	7000	29840
12600	23440	7000	30440
12925	24050	7000	31050
13250	24650	7000	31650
13575	25250	7000	32250
13900	25860	7000	32860
14225	26460	7000	33460
14550	27070	7000	34070
14875	27670	7000	34670
15200	28280	7000	35280
15525	28880	7000	35880
15850	29490	7000	36490
16175	30090	7000	37090

तालिका–3

i पदस्थ रीडर्स तथा लैक्चरार्स (SG) 3 वर्ष से कम सेवा वाले

ii पदस्थ उप–पुस्तकालयाध्यक्ष /सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (SG) कालेज पुस्तकालयाध्यक्ष (SG) 3 वर्ष से कम सेवा वाले

iii पदस्थ उप DPE /सहायक DPE (SG)/कालेज DPE (SG) 3 वर्ष से कम सेवा वाले

पूर्व संशोधित वेतन 12,000–420–18,300 ('ए'समूह प्रवेश)		संशोधित वेतन बैंड+AGP 15,600–39,100+AGP 8,000 रु.	
पूर्व संशोधित मूल वेतन	संशोधित वेतन		
	वेतन बैंड में वेतन	अकादमिक ग्रेड वेतन	संशोधित मूल वेतन
12000	22320	9000	30320
12420	23110	9000	31110
12840	23890	9000	31890
13260	24670	9000	32670
13680	25450	9000	33450
14100	26230	8000	34230
14520	27010	8000	35010
14940	27790	8000	35790
15360	28570	8000	36570
15780	29360	8000	37360
16200	30140	8000	38140
16620	30920	8000	38920
17040	31700	8000	39700
17460	32480	8000	40480
17880	33260	8000	41260
18300	34040	8000	42040
18720	34820	8000	42820
19140	35610	8000	43610
19560	36390	8000	44390

तालिका–4

i पदस्थ रीडर्स तथा लैक्चरार्स (SG) 3 वर्ष की सेवा वाले

ii पदस्थ उप–पुस्तकालयाध्यक्ष/सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान) (SG) कालेज पुस्तकालयाध्यक्ष (SG) 3 वर्ष की सेवा वाले

iii पदस्थ उप DPE /सहायक DPE (SG)/कालेज DPE (SG) 3 वर्ष की सेवा वाले

पूर्व संशोधित वेतनमान 12,000–420–18,300 रु.		संशोधित वेतन बैंड+AGP 37,400–67,000+AGP 9,000 रु.	
पूर्व संशोधित मूल वेतन	संशोधित वेतन		
	वेतन बैंड में वेतन	अकादमिक ग्रेड वेतन समूह	संशोधित मूल वेतन
13620	37400	9000	46400
13680	37400	9000	46400
14100	37400	9000	46400
14520	37400	9000	46400
14940	38530	9000	47530
15360	38530	9000	47530
15780	39690	9000	48690
16200	39690	9000	48690
16620	40890	9000	49890
17040	40890	9000	49890
17460	42120	9000	51120
17880	42120	9000	51120
18300	43390	9000	52390
18720	43390	9000	52390
19140	44700	9000	53700
19560	44700	9000	53700

तालिका –5

i पदस्थ प्रोफेसर, कालेजों एवं विश्वविद्यालयों में

ii पदस्थ प्राचार्य, स्नातकोत्तर (कालेजों में)

iii पदस्थ पुस्तकालयाध्यक्ष (विश्वविद्यालय)

iv पदस्थ निदेशक, शारीरिक शिक्षा (विश्वविद्यालय)

पूर्व संशोधित वेतनमान 16,400–450–20,900–500–22,400 रु. (S 27 एँड S 29)		संशोधित वेतन बैंड+AGP 37,400–67,000+AGP 10,000	
पूर्व संशोधित मूल वेतन	संशोधित वेतन		
	वेतन बैंडमें वेतन	अकादमिक ग्रेड वेतन समूह	संशोधित मूल वेतन
16400	40890	10000	50890
16850	40890	10000	50890
17300	42120	10000	52120
17750	42120	10000	52120
18200	43390	10000	53390
18650	43390	10000	53390
19100	44700	10000	54700
19550	44700	10000	54700
20000	46050	10000	56050
20450	46050	10000	56050
20900	47440	10000	57440
21400	47440	10000	57440
21900	48870	10000	58870
22400	48870	10000	58870
22900	50340	10000	60340
23400	50340	10000	60340
23900	51860	10000	61860

तालिका– 6

स्नातक पूर्व कालेजों के पदस्थ प्राचार्य

पूर्व संशोधित वेतनमान 12,000–420–18,300 (12,840 रु. न्यूनतम निर्धारित)		संशोधित वेतन बैंड+AGP 37,400–67,000+AGP 10,000 रु.	
पूर्व संशोधित मूल वेतन	संशोधित वेतन		
	वेतन बैंड में वेतन	अकादमिक ग्रेड वेतन समूह	संशोधित मूल वेतन
12840	37400	10000	47400
13260	37400	10000	47400
13680	37400	10000	47400
14100	37400	10000	47400
14520	37400	10000	47400
14940	38530	10000	48530
15360	38530	10000	48530
15780	39690	10000	49690
16200	39690	10000	49690
16620	40860	10000	50890
17040	40860	10000	50890
17460	42120	10000	52120
17880	42120	10000	52120
18300	43390	10000	53390
18720	43390	10000	53390
19140	44700	10000	54700
19560	44700	10000	54700

तालिका– 7

केन्द्र सरकार द्वारा पूर्णतः वित्त पोषित विश्वविद्यालयों तथा सम विश्वविद्यालयों में पदस्थ रजिस्ट्रार

पूर्व संशोधित वेतनमान 16,400–450–20,900–500–22,400 (S 27 तथा S 29)		संशोधित वेतन बैंड+GP 37,400–67,000+GP 10,000 रु.	
पूर्व संशोधित मूल वेतन	संशोधित वेतन		
	वेतन बैंड में वेतन	अकादमिक ग्रेड वेतन समूह	संशोधित मूल वेतन
16400	40890	10000	50890
16850	40890	10000	50890
17300	42120	10000	52120
17750	42120	10000	52120
18200	43390	10000	53390
18650	43390	10000	53390
19100	44700	10000	54700
19550	44700	10000	54700
20000	46050	10000	56050
20450	46050	10000	56050
20900	47440	10000	57440
21400	47440	10000	57440
21900	48870	10000	58870
22400	48870	10000	58870
22900	50340	10000	60340
23400	50340	10000	60340
23900	51860	10000	61860

तालिका– 8

केन्द्र सरकार द्वारा पूर्णतः वित्त पोषित विश्वविद्यालय तथा सम विश्वविद्यालय, पदस्थ उप–रजिस्ट्रार/ उप वित्त अधिकारी/उप परीक्षा नियंत्रक 5 वर्ष से कम सेवा वाले,

पूर्व संशोधित वेतनमान 12,000–420–18,300 रु.		**संशोधित वेतन बैंड+ GP 15,600–39,100+GP 7,600 रु.**	
पूर्व संशोधित मूल वेतन	संशोधित वेतन		
	वेतन बैंड में वेतन	अकादमिक ग्रेड वेतन समूह	संशोधित मूल वेतन
12000	22320	7600	29920
12420	23110	7600	30710
12840	23890	7600	31490
13260	24670	7600	32270
13680	25450	7600	33050
14100	26230	7600	33830
14520	27010	7600	34610
14940	27790	7600	35390
15360	28570	7600	36170
15780	29360	7600	36960
16200	30140	7600	37740
16620	30920	7600	38520
17040	31700	7600	39300
17460	32480	7600	40080
17880	33260	7600	40860
18300	34040	7600	41640
18720	34820	7600	42420
19140	35610	7600	43210
19560	36690	7600	43990

तालिका– 9

केन्द्र सरकार द्वारा पूर्णत : वित्त पोषित विश्वविद्यालयों तथा सम विश्वविद्यालयों में, पदस्थ उप–रजिस्ट्रार/ उप वित्त अधिकारी/उप परीक्षा नियंत्रक 5 वर्ष से कम सेवा वाले

पूर्व संशोधित वेतनमान 12,000–420–18,300 रु.		संशोधित वेतन बैंड+ GP 37,400–67,000 + GP 8,700 रु.	
पूर्व संशोधित मूल वेतन	संशोधित वेतन		
	वेतन बैंड में वेतन	अकादमिक ग्रेड वेतन समूह	संशोधित मूल वेतन
14100	37400	8700	46100
14520	37400	8700	46100
14940	38530	8700	47230
15360	38530	8700	47230
15780	39690	8700	48390
16200	39690	8700	48390
16620	40890	8700	49590
17040	40890	8700	49590
17460	42120	8700	50820
17880	42120	8700	50820
18300	43390	8700	52090
18720	43390	8700	52090
19140	44700	8700	53400
19560	44700	8700	53400

परिशिष्ट iii –तालिका – 1

भर्तियों में अकादमिक निष्पादन सूचकाँक हेतु प्रस्तावित स्कोर तथा विश्वविद्यालय /कालेज शिक्षकों का कैरियर उन्नति योजना (कैस) पदोन्नतियाँ

श्रेणी 1 : शिक्षण–प्रशिक्षण, शिक्षा एवं मूल्याँकन संबंधी गतिविधियाँ

संक्षिप्त ब्यौरा: शिक्षकों के आत्म मूल्याँकन पर आधारित अकादमिक निष्पादन सूचकाँक (क) शिक्षण संबंधी कार्यकलापों (ख) क्षेत्रीय जानकारी (ग) परीक्षा तथा मूल्याँकन में सहभागिता (घ) नवोन्मेषी शिक्षण, नवीन पाठ्यक्रमों आदि में योगदान हेतु प्रस्तावित । इस श्रेणी के शिक्षकों द्वारा अपेक्षित न्यूनतम अकादमिक निष्पादन सूचकाँक 75 है। आत्म मूल्याँकन स्कोर संभवत : उद्देश्यपरक प्रमाणनीय मानदण्ड पर आधारित होना चाहिए तथा जाँच /चयन समिति द्वारा निर्धारित किया जाएगाँ

